रोहतक
रविवार 5 जुलाई 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, पंचमी वर्ष : 30, अंक : 151
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 38.5°C
न्यून. 25.4°C

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

एचटेट

## ज्वेलरी, चूड़ी, हेयरबैंड, रबर कलावा तक उतरवा दिए



हरियाणा के शनिवार को हुई एचटेट लेवल-3 एग्जाम के दौरान कड़ी सुरक्षा रही। परीक्षा केंद्र में एंट्री के वक्त अभ्यर्थियों को सख्त नियमों के चलते कई परेशानियों को सामना करना पड़ा। महिलाओं की चूड़ी, हेयरबैंड रबर और कलावा उतरवा दिए। बाल भी खुलवाए गए, जूते-जुराब उतरवाए गए। यहां तक की नाक का कोका भी उतरवा दिया। कई महिला अभ्यर्थी कान के कुंडल उतारतीं नजर आईं।

खबर संक्षेप

### ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले मोदी को मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान उन्हें जान से मारने की धमकी मिली है। द ऑस्ट्रेलिया टुडे की रिपोर्ट में दावा किया गया कि धमकी फेसबुक पर 'मेलबर्न मीट्स मोदी' कार्यक्रम के प्रचार से जुड़ी एक पोस्ट के नीचे लिखी गई थी। पोस्ट के नीचे अबू मुस्तफा नाम के फेसबुक अकाउंट से लिखा गया, 'स्टेडियम की छत कार्यक्रम के दौरान बंद रहनी चाहिए, नहीं तो वह ऑस्ट्रेलिया अपनी मौत के लिए आएगा।' जांच एजेंसियां पोस्ट की पहचान में लगी हैं। मोदी 8 जुलाई से 10 जुलाई तक ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे। *एजेंसी*

### खामेनेई को आखिरी विदाई देने जुटे करोड़ों लोग



**तेहरान।** ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई को आखिरी विदाई देने के लिए शनिवार को करोड़ों लोग तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला में जुटे हैं। शिया परंपरा के मुताबिक काले कपड़े पहने लोग छाती पीटकर मातम मनाते दिखे। इस दौरान लोगों ने 'खून बहेगा', 'अमेरिका मुर्दाबाद' और 'बदला, बदला' जैसे नारे भी लगाए। तेहरान में 3 जुलाई से खामेनेई के अंतिम संस्कार से जुड़ी रस्में शुरू हो गई हैं जो 9 जुलाई तक चलेंगी। कल शुक्रवार को कार्यक्रम में 100 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। *(पैकेज पेज-8 पर)*

# राममंदिर : अब सोने से मढ़ी रामचरितमानस चोरी का दावा

## पूर्व केंद्रीय गृह सचिव बोले- 5 करोड़ कीमत थी, चंपत राय ने रसीद नहीं दी, कहा- मैं कुछ नहीं कर सकता


**8 अप्रैल 2024 को राम मंदिर ट्रस्ट को सवा क्विंटल की रामचरितमानस की थी भेंट**

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के बीच पूर्व केंद्रीय गृह सचिव लक्ष्मी नारायण ने दावा किया है कि उनकी सोने से मढ़ी रामचरितमानस चोरी हो गई है। उन्होंने कहा कि 8 अप्रैल 2024 को राम मंदिर ट्रस्ट को सवा क्विंटल की रामचरितमानस भेंट की थी, लेकिन आज तक उन्हें इसकी रसीद नहीं मिली। इतना ही नहीं, 3-4 महीने बाद मंदिर से रामचरितमानस गायब हो गई। इस रामायण के 1000 पन्नों पर 24 कैरेट सोने की परत चढ़ाई गई है। इसकी कीमत 5 करोड़ थी। उन्होंने एक मीडिया चैनल से बातचीत में कहा कि मैं अयोध्या पहुंचा, तो चंपत राय ने 9 घंटे तक इंतजार करवाया। मैंने उनसे हाथ जोड़कर कहा- सर, मेरी पूरी जिंदगी की पूंजी है। रामचरितमानस को मंदिर में रखवा दीजिए। तब उन्होंने कहा- मेरे पास कई लोगों के आभूषण और कई तरह की चीजें आती हैं, तो क्या मैं सिर्फ इन्हीं सब का डिस्प्ले करता रहूं?

### 24 कैरेट सोने की परत चढ़ाई गई

- रामचरितमानस 1000 पेज की है। वजन-155 किलोग्राम है। इसमें 4 किलो सोने और 151 किलोग्राम तांबे का इस्तेमाल किया गया है।
- हर पेज पर 24 कैरेट सोने की परत चढ़ाई गई है। साथ ही हर पेज पर 3 किलोग्राम तांबा भी लगा है।
- वुम्मिदी बंगारू ज्वैलर्स ने रामचरितमानस को 3 महीने में तैयार किया है। इसे बनाने में करीब 5 करोड़ खर्च आया है।
- इसी कंपनी ने नए संसद भवन में स्थापित सेंगोल (राजदंड) को तैयार किया है।




### प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान सजावट में हुई हेराफेरी

- सूत्रों के मुताबिक, रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के समय मंदिर को सजाने का काम अलग-अलग ठेकेदारों से रेट लेकर कराया गया था। कम रेट होने के बावजूद बाद में अतिरिक्त काम दिखाकर ज्यादा भुगतान किया गया।
- कार्यक्रम खत्म होने के बाद फूल और पूजा सामग्री हटाने के लिए भी अलग से लाखों रुपये का ठेका दिया गया।
- इसी तरह 19 मार्च 2026 को हुए श्रीराम यंत्र स्थापना कार्यक्रम में करोड़ों रुपए खर्च होने की बात कही जा रही है। हालांकि इन सभी बातों की सच्चाई एसआईटी जांच पूरी होने के बाद ही साफ होगी।

### मुझसे कहा, जहां जाना है जाइए

पूर्व आईएएस ने कहा- मैंने मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा और ट्रस्ट मेंबर गोपाल राव से संपर्क किया, लेकिन कुछ नहीं हुआ। फिर मैं दोबारा अयोध्या गया। 4 घंटे इंतजार के बाद चंपत राय मिले। उन्होंने मुझसे कहा- मैं कुछ नहीं कर सकता, आपको जहां जाना है, जाइए। इधर, मंदिर ट्रस्ट ने अपनी 6 जुलाई को होने वाली बैठक का शनिवार को एजेंडा जारी किया। इसमें ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और न्यासी डॉ. अनिल मिश्रा के इस्तीफे पर फैसला होगा। इसके अलावा एसआईटी की शुरुआती रिपोर्ट और मंदिर प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी।

### आरएसएस ने कहा दोषियों को सजा मिले

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को लेकर आरएसएस ने पहली बार बयान दिया। सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने वीडियो जारी कर कहा- रामलला मंदिर में रखे दानपात्रों में जमा राशि की चोरी दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे रामभक्तों की भावनाओं और श्रद्धा को आघात पहुंचा है। उनका भरोसा बचाना जरूरी है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन्हें कठोर दंड मिलना चाहिए।

# कड़ी सुरक्षा के बीच लेवल-3 का एग्जाम संपन्न, 1 और 2 का आज

## कैंडिडेट बोले-आसान था पेपर, 3 से 4 प्रश्नों में थीं गलतियां

**हरिभूमि टीम हरियाणा।** प्रदेश में शनिवार को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट ) की लेवल-3 का एग्जाम हुआ। परीक्षा दोपहर 3 बजे से साढ़े 5 बजे तक हुई। वहीं, रविवार को सुबह 10 बजे से साढ़े 12 बजे तक लेवल-2 और दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक लेवल-1 का एग्जाम होगा। परीक्षा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है।

### रेवाड़ी में हंगामा, दोबारा करवानी पड़ी परीक्षा

- **रेवाड़ी:** सूरज स्कूल में प्रश्न पत्र और ओएमआर शीट में सीरियल नंबर मिसमैच होने के चलते परीक्षार्थियों ने जमकर हंगामा किया। इस पर एग्जाम देने वाले कुल 524 में से 22 परीक्षार्थियों का साढ़े पांच बजे दोबारा एग्जाम शुरू कराया गया, जो आठ बजे तक चला।
- **सिरसा:** एक कैंडिडेट ने 15 मिनट पेपर लेट देने का आरोप लगाया। कहा कि बाद में एक्स्ट्रा टाइम भी नहीं मिला।
- **सोनीपत:** पूनम नाम की छात्रा ने कहा कि हिंदी के प्रश्नों में वाक्य की मिस्टेक थी। वाक्य सही नहीं दिए गए थे।
- **भिवानी:** गांव जाटू लोहारी निवासी अभ्यर्थी दीपक ने कहा कि तीन से 4 प्रश्न में गलतियां थीं।
- **फतेहाबाद:** छात्रा लेट हुई तो डायल 112 की टीम ने एमएम कॉलेज स्थित एग्जाम सेंटर पहुंचाया।

**2.33 लाख अभ्यर्थी**

एचटेट के लिए 2 लाख 33 हजार 294 अभ्यार्थियों ने आवेदन किया है। इनमें से लेवल-1 (पीआरटी) परीक्षा में 41 हजार 62 अभ्यार्थी, लेवल-2 (टीजीटी) की परीक्षा में 1 लाख 19 हजार 141 अभ्यार्थी और लेवल-3 (पीजीटी) की परीक्षा में 73 हजार 91 अभ्यार्थी रजिस्टर्ड हैं।

# पूरी तरह से वैज्ञानिक जांच के बाद तैयार किया गया एथेनॉल : केंद्र

## अफवाहों के बीच सरकार ने दी सफाई, इंजन के लिए सुरक्षित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने को लेकर हो रहे विरोध के बीच शनिवार को सरकार ने कहा कि एथेनॉल ब्लेंडिंग का काम रातों-रात नहीं हुआ। यह एक जांची-परखी, साइंटिफिक और स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस है। इसे पेट्रोल में मिलाने की ग्लोबल प्रैक्टिस अपनाई है और टॉप एजेंसियां भी इसका टेस्ट कर चुकीं हैं। इसे पूरी तरह से वैज्ञानिक जांच के बाद तैयार किया गया है। एथेनॉल ब्लेंडिंग पर दिल्ली में हुई इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स की प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार की ओर से शामिल एक्सपर्ट वर्तिका शुक्ला ने यह बात कही। वर्तिका शुक्ला ने बताया कि देश में साल 2013 और 2014 के दौरान पेट्रोल में सिर्फ 1.5% एथेनॉल मिलाया जा रहा था। अब इस प्रोग्राम के तहत पेट्रोल में 20% एथेनॉल ब्लेंडिंग की जा रही है। 20% एथेनॉल ब्लेंडिंग के टारगेट को तय समय से पांच साल पहले यानी दिसंबर 2025 तक ही पूरा कर लिया गया है।



**इसे पेट्रोल में मिलाने की ग्लोबल प्रैक्टिस अपनाई**
टॉप एजेंसियां भी टेस्ट कर चुकीं

### भारत में क्यों हो रहा है ई20 पेट्रोल का विरोध?

भारत में 20% एथेनॉल और 80% पेट्रोल के इस मिश्रण यानी ई20-पेट्रोल का विरोध हो रहा है। खासकर 2023 से पहले बनी पेट्रोल गाड़ियों के मालिक परेशान हैं। उनका दावा है कि इस फ्यूल से गाड़ियों का माइलेज कम हो रहा, मेंटेनेंस का खर्च बढ़ गया और इंजन के पार्ट्स जल्दी खराब हो रहे हैं। हालांकि, भारत सरकार का कहना है कि एथेनॉल से माइलेज में मामूली कमी जरूर आती है, लेकिन इससे गाड़ी का पिकअप और इंजन परफॉर्मेंस बेहतर होता है।

# 5 महीने में चिप बनाने वाले तीसरे प्लांट का उद्घाटन

- इम्पोर्ट चिप पर निर्भरता होगी कम
- हर साल 500 करोड़ चिप बनाने का लक्ष्य

**साणंद (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के साणंद में देश के तीसरे सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन किया। साणंद में स्थित सीजी सेमी के ओएसएटी प्लांट में प्रोडक्शन शुरू हो गया है। पीएम ने कहा- इस प्लांट से 20 करोड़ चिप बनेंगी। यहां पर हर साल 500 करोड़ चिप बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मैं 20 साल पहले जब सेमीकंडक्टर की चर्चा करता था तो मीडिया मेरा मजाक बनाती थी। इससे भारत की चिप निर्माण क्षमता बढ़ेगी और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए आयातित चिप पर निर्भरता कम होगी। सरकार का मानना है कि इससे भारत की वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में मजबूत भागीदारी बनेगी। 5 महीने में तीसरा प्लांट शुरू हुआ है।



# राममंदिर की रेकी करने वाले मुसादिक सहित 23 को केंद्र ने घोषित किया आतंकी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने शनिवार को 23 लोगों को आतंकी घोषित किया है। इनमें एक आतंकी वो भी है जो अयोध्या में राम मंदिर और नागपुर में आरएसएस कार्यालय की रेकी में शामिल है। आतंकी की पहचान मोहम्मद मुसादिक के रूप में हुई है। यह हाफिज सईद का रिश्तेदार है। हालांकि ये रेकी मुसादिक ने खुद की या करवाई थी और रेकी कब की गई। इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। सरकार का कहना है कि लिस्ट में शामिल सभी आतंकी जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा, द रेजिस्टेंस फ्रंट और जमात-उद-दावा जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े हैं। ये लोग आतंकियों की भर्ती, भारत में घुसपैठ, आतंकी हमलों की साजिश, आतंक के लिए पैसे जुटाने, हथियार पहुंचाने और अन्य मदद करने में शामिल रहे हैं। घोषित 23 आतंकियों में 6 जम्मू-कश्मीर के मूल निवासी हैं, जबकि 17 पाकिस्तानी हैं। इनमें 7 पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) और 10 पाकिस्तान में रह रहे हैं।



आरोपी मुसादिक हाफिज सईद का रिश्तेदार

### कुछ आतंकी हमलों से जुड़े

सरकार ने जिन जैश आतंकियों को लिस्ट में शामिल किया है। उनमें कुछ 2016 के नगरोटा आर्मी कैंप हमले और 2022 के सुनजवां हमले से जुड़े बताए जा रहे हैं। 29 नवंबर 2016 को जम्मू के नगरोटा आर्मी कैंप पर सेना की वर्दी पहनकर आए तीन आतंकियों ने हमला किया था।

15 दिन में पायरेटेड कंटेंट हटाएं

# टेलीग्राम पर वेब सीरीज व फिल्में फ्री नहीं मिलेंगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अब टेलीग्राम एप पर फ्री पायरेटेड फिल्में और वेब सीरीज नहीं मिल पाएंगी। केंद्र सरकार ने टेलीग्राम से फिल्मों और ओटीटी कंटेंट के पायरेटेड वर्जन देने वाले चैनल्स और ग्रुप्स को अपने प्लेटफॉर्म से हटाने को कहा है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कंपनी को नोटिस भेजा। मंत्रालय ने कहा कि टेलीग्राम अगले 15 दिन में पायरेटेड कंटेंट पर लिए एक्शन की रिपोर्ट सौंपे। एप को 3 दिन में सरकार का दूसरा नोटिस मिला है। इससे पहले टेलीग्राम को 2 जुलाई को एक नोटिस भेजा गया था।



शिकायत का इंतजार न करें एक्शन लें

## 15 साल, 99 दिन में भारत के लिए किया डेब्यू

# सूर्यवंशी ने तोड़ा सचिन-शेफाली का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वैभव सूर्यवंशी भारत के लिए सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने 15 साल 99 दिन की उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ पहला इंटरनेशनल मैच खेला। वैभव ने शेफाली वर्मा और सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। शेफाली ने 15 साल 239 दिन और सचिन ने 16 साल 205 दिन की उम्र में भारत के लिए पहला मैच खेला था। वैभव ने अपनी पहली पारी में 10 गेंदों पर 14 रन बनाए। इसमें दो छक्के शामिल हैं। उन्होंने एक छक्का जोफ्रा आर्चर की गेंद पर और एक छक्का जोश टंग की गेंद पर लगाया। उन्हें विल जैक्स ने स्टंप आउट कराया। मैच से पहले वैभव ने सोशल मीडिया पर भी डेब्यू के संकेत दिए थे। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर अपनी तस्वीर शेयर करते हुए न्यू चैप्टर लिखा था।

### टीम इंडिया की नंबर-3 जर्सी मिली

23 जून को बीसीसीआई की ओर से वैभव को टीम इंडिया की 3 नंबर जर्सी मिली। थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट रघु ने उन्हें जर्सी दी। सूर्यवंशी ने पहले रघु के पैर छूकर प्रणाम किया, फिर जर्सी ली। वैभव को आईसीसी की चाइल्ड सेफगार्डिंग पॉलिसी के तहत इंग्लैंड दौरे पर अलग चेंजिंग रूम दिया गया है। उनकी फैमिली को भी टीम होटल में ठहरने की अनुमति मिली है।

**सबसे कम उम्र में टीम इंडिया में चुने गए :** एक महीने पहले वैभव 15 साल 71 दिन की उम्र में टीम इंडिया के लिए चुने जाने वाले सबसे युवा क्रिकेटर भी बने थे। उन्होंने इस मामले में शेफाली वर्मा और सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा था। शेफाली पहली बार 15 साल 220 दिन की उम्र में भारतीय टीम में चुनी गई थीं, जबकि सचिन को 16 साल 194 दिन की उम्र में राष्ट्रीय टीम में मौका मिला था।

हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक एवं जनता TV

हरियाणवी म्यूज़िक अवार्ड 2026

हरियाणवी संगीत का गौरव
हरियाणवी संस्कृति, हमारी पहचान

1 अगस्त 2026 शनिवार
जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, मुरथल रोड, सोनीपत (हरियाणा)

नॉमिनेशन की प्रक्रिया 4 जुलाई 2026 से शुरू



Category
- Haryanvi Rapper of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Ghada-Bhenjo) (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Pakka Saaz) (Male & Female)
- Haryanvi Desi Pop Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Devotional Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Lyricist of the Year
- Haryanvi Music Composer of the Year
- Haryanvi Master/Mixer of the Year
- Haryanvi Most Melodious Song of the Year

Only for songs released from 1 January 2025 to 31 December 2025

नॉमिनेशन के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें
*or visit our website at :*
www.haribhoomi.com
Last Date : 12 July 2026

नॉमिनेशन के लिए पात्रता
- केवल हरियाणवी बोली में जारी किए गए गीत ही नामांकन हेतु मान्य होंगे।
- गीत/संगीत कृति का आधिकारिक रिलीज वर्ष 2025 (1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025) के बीच होना अनिवार्य है।
- नामांकन संबंधित श्रेणियों के अनुसार गायक/गायिका, रैपर, गीतकार, संगीतकार, म्यूजिक मिक्सर एवं अन्य पात्र कलाकारों द्वारा किया जा सकता है।
- अगर आप एक से ज्यादा कैटेगरी के लिए खुद को नॉमिनेट करना चाहते हैं, तो आपको हर कैटगरी के लिए अलग-अलग नॉमिनेशन फॉर्म भरना होगा।
- नॉमिनेशन फॉर्म केवल नॉमिनी या उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा ही भरा जा सकता है।
- कृपया सभी जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से भरें। आयोजन समिति आवश्यक होने पर सभी प्रविष्टियों एवं दस्तावेजों का सत्यापन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। अपूर्ण अथवा गलत जानकारी वाले आवेदन निरस्त किए जा सकते हैं।
- सभी नॉमिनेशन का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा, जिसका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
- किसी भी कैटेगिरी में पांच से कम प्रतिभागी/नॉमिनी रहने पर उस कैटेगिरी को रद्द कर दिया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें 7404443155 advthbtv@gmail.com

खबर संक्षेप



## स्पीकर ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम में लिया हिस्सा

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण पश्चिम बंगाल विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए कोलकाता में आयोजित दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में भाग लेने के बाद शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र घरौंडा लौट आए। कार्यक्रम का आयोजन लोकसभा सचिवालय के संसदीय शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (पीआरआईडीई) और पश्चिम बंगाल विधानसभा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।कार्यक्रम में देश के विभिन्न विधानमंडलों के अध्यक्षों, संसदीय विशेषज्ञों और वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने नव-निर्वाचित विधायकों को संसदीय कार्यप्रणाली, विधायी प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका से अवगत कराया।

## बंद मकान में घुसे किशोरों की पिटाई, वीडियो वायरल

**सोनीपत।** शहर के जीवन विहार क्षेत्र में एक बंद मकान में घुसे दो किशोरों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना शनिवार सुबह की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बंद मकान में गतिविधि दिखाई देने पर आसपास के लोगों ने इसकी सूचना मकान मालिक के परिजनों को दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और मकान की तलाशी ली। इस दौरान दोनों किशोर घर के अंदर एक अलमारी में छिपे मिले। आरोप है कि दोनों किशोरों पर चोरी का संदेह जताते हुए कुछ लोगों ने उन्हें बाहर निकालकर डंडों से पीटा। घटना का करीब साढ़े चार मिनट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवक किशोर की पिटाई करता दिखाई दे रहा है। पूछताछ के दौरान दोनों ने खुद को जटवाड़ा क्षेत्र का निवासी बताया और कहा कि वे कुछ अन्य युवकों के कहने पर वहां पहुंचे थे। सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची।

### 90 करोड़ से बदलेगी पर्यटन की तस्वीर, होटल की छत पर बनेगा हेलिपैड

# यादविन्द्रा गार्डन और टिक्कर ताल बनेंगे विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र : नायब

यादविन्द्रा गार्डन के पास आधुनिक सुविधाओं से युक्त वन स्टॉप वेडिंग डेस्टिनेशन विकसित होगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



हरियाणा सरकार ने राज्य को देश के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में पिंजौर स्थित ऐतिहासिक यादविन्द्रा गार्डन और मोरनी हिल्स के टिक्कर ताल को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने के निर्देश दिए। दोनों परियोजनाओं पर करीब 90 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है। सरकार का मानना है कि इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और राज्य के राजस्व में भी वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के 'वेड इन इंडिया' विजन के अनुरूप यादविन्द्रा गार्डन के पास आधुनिक सुविधाओं से युक्त वन स्टॉप वेडिंग डेस्टिनेशन विकसित करने के निर्देश दिए। यहां कन्वेंशन सेंटर, एग्जीबिशन सेंटर सहित विवाह समारोहों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर एक आलीशान होटल बनाया जाएगा, जिसकी छत पर अत्याधुनिक हेलिपैड की सुविधा होगी, ताकि देश-विदेश से आने वाले मेहमान सीधे हवाई मार्ग से पहुंच सकें।

### बटरफ्लाई पार्क व एक्वेरियम भी विकसित किए जाएंगे

विरासत एवं पर्यटन विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि यादविन्द्रा गार्डन के विकास के दौरान इसकी ऐतिहासिक और पारंपरिक विरासत को पूरी तरह सुरक्षित रखा जाएगा। मूल स्वरूप से छेड़छाड़ किए बिना यहां संगीतमय फव्वारे, बटरफ्लाई पार्क और एक्वेरियम विकसित किए जाएंगे। आकर्षक लाइटिंग के जरिए रात के समय भी यह स्थल पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण बनेगा। मोरनी के निकट स्थित टिक्कर ताल को एडवेंचर पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनाने की भी योजना है। यहां मौजूदा सुविधाओं का जीर्णोद्धार किया जाएगा तथा एडवेंचर पार्क, बोटिंग, हॉन्टेड हाउस समेत अन्य आकर्षण विकसित किए जाएंगे, जिससे पर्यटकों को रोमांचक और यादगार अनुभव मिल सके।

### सीए देश की आर्थिक मजबूती के प्रमुख स्तंभ : मुख्यमंत्री

■ सीए छात्रों के राष्ट्रीय सम्मेलन प्रज्ञान 2026 को संबोधित किया

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और देश में हर महीने रिकॉर्ड जीएसटी कलेक्शन हो रहा है जो देश की बढ़ती हुई आर्थिक ताकत का प्रतीक है। इस टैक्स व्यवस्था को मजबूत बनाने में चार्टेड अकाउंटेंट्स (सीए) का बड़ा योगदान है। इंस्टीच्यूट आफ चार्टेड अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया द्वारा पंचकूला में सेंटर आफ एक्सिलेंस स्थापित करने के लिए 5 एकड भूमि की मांग पर मुख्यमंत्री ने सरकार की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्रीशनिवार को पंचकूला स्थित इंद्रधनुष आडिटोरियम में सीए छात्रों के राष्ट्रीय सम्मेलन प्रज्ञान 2026 को मुख्यअतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

### बाबा लखी शाह बंजारा गुरुभक्ति, अदम्य साहस और राष्ट्रसेवा के प्रतीक



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुभक्ति, अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रसेवा के प्रतीक बाबा लखी शाह बंजारा की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा लखी शाह बंजारा जी का जीवन भारतीय संस्कृति, गुरुभक्ति, साहस और निस्वार्थ सेवा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने धर्म, मानवता और सत्य की रक्षा के लिए जो अद्वितीय साहस एवं समर्पण का परिचय दिया, वह सदैव आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारतीय इतिहास सदैव बाबा लखी शाह बंजारा जी के अतुलनीय पराक्रम, त्याग और समर्पण का साक्षी रहेगा। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अदम्य वीरता और अटूट आस्था का परिचय दिया, जो भारतीय समाज

## चंडीगढ़ इंडस्ट्रियल एरिया में दो मंजिला इमारत ढही

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

शहर के इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2 में शनिवार शाम करीब 4.20 बजे 54 साल पुरानी दो मंजिला इमारत अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे के समय इमारत के भीतर काम कर रहे कई लोग मलबे में दब गए। सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल, एनडीआरएफ और अन्य बचाव दल मौके पर पहुंच गए और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। अब तक मलबे से पांच लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। मलबे से जीवित निकले रमेश ने बताया कि हादसे के समय इमारत के अंदर करीब 20 से 25 लोग मौजूद थे। अचानक भूकंप जैसा तेज झटका महसूस हुआ और पूरी इमारत देखते ही देखते ढह गई। रेस्क्यू टीम ने जेसीबी की मदद से पहले छत का मलबा हटाया, ताकि अंदर फंसे लोगों तक हवा पहुंच सके। अधिकारियों के अनुसार अभी दो लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। इनमें बिल्डिंग मालिक और एक मजदूर शामिल हैं। दोनों को सुरक्षित निकालने के लिए अभियान लगातार जारी है।

tifr HBCSE
होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र
टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च

भारतीय गणित ओलंपियाड पात्रता परीक्षा (IOQM) 2026-27

भारतीय राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (INMO) 2027 में भाग लेने के इच्छुक छात्रों के लिए, राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड पात्रता परीक्षा (IOQM) में शामिल होना अनिवार्य है।
**यह परीक्षा 6 सितंबर, 2026 को आयोजित की जाएगी।**
IOQM में सफल होने वाले छात्र INMO 2027 में भाग लेने के पात्र होंगे। यह अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (IMO) 2027 और यूरोपीय गर्ल्स गणित ओलंपियाड (EGMO) 2028 में भारतीय टीम के आधिकारिक सदस्य के रूप में भागीदारी की दिशा में पहला चरण है।

अधिक जानकारी और पंजीकरण लिंक:
https://olympiads.hbcse.tifr.res.in एवं https://www.mtai.org.in/

पंजीकरण संबंधित परीक्षा केंद्रों पर सीधे किया जा सकता है
इसके अलावा, ऑनलाइन पंजीकरण भी 29 जून 2026 से शुरू होगा
ऑनलाइन पंजीकरण के लिए वेबसाइटः https://ioqm.mtai.org.in/

पंजीकरण की अंतिम तिथिः 25 जुलाई 2026

CBC 48143/11/0004/2627

## हरियाणा सिविल सचिवालय में पदोन्नति परीक्षा 25 को

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने हरियाणा सिविल सचिवालय में कार्यरत कनिष्ठ वेतनमान आशु लिपिक ) से वरिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक ) और वरिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक से पदोन्नति के लिए विभागीय परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है। परीक्षा 25 जुलाई, 2026 (शनिवार) को दो सत्रों में आयोजित होगी।मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से जारी नोटिस के अनुसार पहला सत्र सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तथा दूसरा सत्र दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। परीक्षा का संचालन केंद्रीय परीक्षा समिति, हरियाणा करेगी।

### ये रहेगा परीक्षा का स्वरूप

जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार वरिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक के पद पर पदोन्नति के लिए अभ्यर्थियों को चार पैसज टाइप करने होंगे, जिनमें दो हिंदी और दो अंग्रेजी के होंगे। अंग्रेजी के प्रत्येक पैसज में 250 शब्द तथा हिंदी के प्रत्येक पैसज में 200 शब्द होंगे। अंग्रेजी टाइपिंग की निर्धारित गति 100 शब्द प्रति मिनट और हिंदी की 80 शब्द प्रति मिनट होगी। दोनों भाषाओं के लिए पांच-पांच मिनट का समय दिया जाएगा। इस परीक्षा में चार प्रतिशत तक त्रुटि स्वीकार्य होगी। कनिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक के लिए आयोजित परीक्षा में तीन पैसज होंगे, जिनमें एक अंग्रेजी और दो हिंदी के होंगे। अंग्रेजी टाइपिंग की गति 100 शब्द प्रति मिनट तथा हिंदी की 80 शब्द प्रति मिनट निर्धारित की गई है। इस श्रेणी में आठ प्रतिशत तक त्रुटि स्वीकार की जाएगी।

### क्लर्क भर्ती के लिए अब 9 तक आवेदन

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में लिपिक बनने का मौका है। अधीनस्थ न्यायालयों में 1265 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है और इसकी अंतिम तारीख बढ़ाकर 9 जुलाई 2कर दी गई है। ग्रेजुएट उम्मीदवार सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं और न्यायिक विभाग में करियर बनाना चाहते हैं, तो अच्छी खबर है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के अधीनस्थ न्यायालयों में क्लर्क के 1265 पदों पर भर्ती निकाली है।

## पद्म पुरस्कारों के लिए 31 तक करें आवेदन

**चंडीगढ़।** गणतंत्र दिवस 2027 पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन/सिफारिशों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर 31 जुलाई तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन किए जा सकते हैं। इन पुरस्कारों में पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि नामांकन करने वाले व्यक्ति अधिकतम 800 शब्द का एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों/सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख किया गया हो, प्रस्तुत करें।

राजीव गांधी राजकीय पॉलिटेक्निक, नरवाना (जिला जीन्द)

प्रवेश सूचना

इस संस्थान के डिप्लोमा इंजीनियरिंग व डिप्लोमा इंजीनियरिंग (लेटरल एंट्री) कोर्स सत्र 2026-27 की रिक्त सीटों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र के साथ सम्बन्धित प्रमाण-पत्र (दसवीं, बारहवीं नॉन मेडिकल/आई.टी.आई. (दो वर्षीय) / NSQF Level-IV/PPP ID/Aadhaar Card, जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, श्रेणी हेतु आय एवं एसेट प्रमाण-पत्र, की स्वयं सत्यापित प्रतियां संस्थान में जमा करवाना सुनिश्चित करें।

Institute Level Open Physical Counselling का विवरणः-

| तिथि | दाखिला प्रक्रिया विवरण |
|---|---|
| 07.07.2026 (05:00 PM तक) | संस्थान में आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि |
| 08.07.2026 | Declaration of Inter-se-Merit/Rank on Institute website www-gpnarwana.ac-in(after 04:00 PM) |
| 09.07.2026 (09:00 बजे से) | Institute Level Open Physical Counselling (for all categories) |
| 10.07.2026 (09:00 बजे से) reserved categories) | Institute Level Open Physical Counselling without any reservation (by merging all |

- दाखिला फीस 3100/- (Girls/TFW), 4600/- (अन्य सभी श्रेणियाँ)
- काउंसलिंग के समय फीस जमा न होने पर allotted सीट cancel कर दी जाएगी।

**उपरोक्त तिथि के पश्चात बची हुई सीटों पर प्रवेश दैनिक आधार पर किया जाएगा जिसका विवरण निम्नानुसार हैः**

- संस्थान में आवेदन पत्र फॉर्म जमा करवाने का समय दोपहर 12:00 बजे तक रहेगा।
- दोपहर 2:00 बजे मेरिट सूची संस्थान के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी।
- दोपहर 2:30 बजे मेरिट के आधार पर सीटों का आवंटन (Seat Allotment) किया जाएगा।

नोटः-

- Institute Level Open Physical Counselling के लिए अभ्यर्थी को व्यक्तिगत रूप से संस्थान में उपस्थित होना अनिवार्य है।
- आवेदन पत्र संस्थान से प्राप्त करें अथवा संस्थान की वेबसाइट www.gpnarwana.ac.in से डाउनलोड करें।
- आवेदन पत्र भरकर तथा सम्बन्धित दस्तावेजों सहित संस्थान में जमा करवाएं।
- निर्धारित तिथि के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- दाखिला प्रक्रिया योग्यता (Merit) के आधार पर की जाएगी। HSTES की रैंक एवं HSTES का संरधान में पहले से जमा कोई भी फार्म मान्य नहीं होगा।
- दाखिला होने पर दाखिला शुल्क तुरंत संस्थान में जमा करवाना अनिवार्य होगा।
- रिक्त सीटों की सूची संस्थान की वेबसाइट www.gpnarwana.ac.in पर उपलब्ध होगी।
- यदि कोई अभ्यर्थी डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं डिप्लोमा इंजीनियरिंग (लेटरल एंट्री) दोनों के लिए आवेदन करता है तो उसे अलग-अलग आवेदन जमा करवाने होंगे।
- अधिक जानकारी के लिए प्रधानाचार्य कार्यालय के फोन 01684-242159, 9991442560 पर संपर्क करें।

हस्ता/-प्रधानाचार्य

पीआरडीएच-1115/11/552/2027/46795/88/6 दि. 03.07.2026

## फुटबॉल एसोसिएशन चुनाव होंगे लेकिन नतीजों पर हाईकोर्ट की रोक



■ अदालत ने राज्य सरकार समेत अन्य पक्षों को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने के आदेश दिए

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन के चुनाव को लेकर चल रहे विवाद में अंतरिम राहत देते हुए चुनाव प्रक्रिया जारी रखने की अनुमति दी है, लेकिन चुनाव परिणाम घोषित करने पर रोक लगा दी है। अदालत ने राज्य सरकार समेत अन्य पक्षों को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी। जस्टिस त्रिभुवन दहिया की पीठ के समक्ष दायर याचिका में शैफाली नांगल ने आरोप लगाया कि एसोसिएशन के प्रशासक ने मौजूदा सदस्यों को विश्वास में लिए बिना उपनियमों में संशोधन कर दिया। इसके चलते याचिकाकर्ता सहित कई सदस्यों के नाम मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए, जिससे वे चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने से वंचित हो गए। याचिकाकर्ता ने बताया कि 13 जून 2026 को चुनाव कार्यक्रम जारी होने के बाद उन्होंने और अन्य सदस्यों ने हरियाणा पंजीकरण एवं विनियमन सोसायटी अधिनियम, 2012 की धारा 39(4) के तहत जिला रजिस्ट्रार के समक्ष याचिका दायर कर सदस्यता सूची और चुनाव कार्यक्रम को अवैध घोषित करने की मांग की थी। याचिका के अनुसार जिला रजिस्ट्रार ने 30 जून को प्रशासक से जवाब मांगा और चुनाव प्रक्रिया को 15 दिन के लिए स्थगित रखने का निर्देश दिया था। बाद में उसी दिन एक अन्य आदेश जारी कर प्रशासक को अगले दिन दोपहर 12 बजे तक जवाब दाखिल करने का अवसर दिया गया। याचिकाकर्ता को एक जुलाई को दोपहर 2:40 बजे ई-मेल से जवाब मिला। उन्होंने जिला रजिस्ट्रार को सूचित किया कि इतने कम समय में जवाब का अध्ययन कर प्रत्युत्तर देना संभव नहीं है, इसलिए उन्हें पर्याप्त समय दिया जाए। इसके बावजूद उसी दिन उनकी याचिका खारिज कर दी गई।

## प्राकृतिक खेती के लिए किसानों को मिलेगी 800 एकड़ जमीन

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए कई नई योजनाएं लागू करने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए कृषि विभाग की करीब 800 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने, देसी गाय खरीदने पर 30 हजार रुपये तक की वित्तीय सहायता देने तथा ट्यूबवेल के पानी की मुफ्त जांच जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं।

सरकार प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसान परिवारों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष योजना लागू करेगी। इसके तहत देसी गाय खरीदने पर 30 हजार रुपये तक की सहायता दी जाएगी। साथ ही प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 10 हजार रुपये वार्षिक प्रोत्साहन राशि देने का भी प्रावधान किया गया है।

### जैविक खाद को बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने फास्फोरस युक्त जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए गन्ने की अधिक पैदावार के लिए दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने गन्ना किसानों की लागत कम करने के लिए शुगरकेन हार्वेस्टर उपलब्ध कराने की योजना को जल्द लागू करने तथा टिश्यू कल्चर तकनीक के माध्यम से गन्ने की उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ाने पर भी बल दिया।

### संतों के संदेशों का प्रसार कर रही सरकार : गंगवा

चंडीगढ़। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि बरवाला में संत शिरोमणि कबीर दास महाराज के नाम पर एक चौक का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में संत-महापुरुष विचार प्रसार योजना के तहत संतों और महापुरुषों से जुड़े महत्वपूर्ण दिवसों को पूरे सम्मान और गरिमा के साथ मना रही है। इन आयोजनों के माध्यम से हमारी युवा पीढ़ी को अपने संतों और महापुरुषों के जीवन, संघर्ष, त्याग और उनके महान विचारों से प्रेरणा मिलती है वे शनिवार को बरवाला में संत शिरोमणि कबीर दास महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

भारत सरकार
MINISTRY OF MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
GOVERNMENT OF INDIA
CFTI CFTI
TRAINING CFTI SERVICE
एम.एस.एम.ई.- प्रौद्योगिकी विकास केन्द्र
केन्द्रीय पादुका प्रशिक्षण संस्थान, आगरा
(सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार)
सी-41 व 42,साईट-सी, औद्योगिक क्षेत्र, सिकन्दरा, आगरा-282007

रोजगार परक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश सूचना
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त NCVET द्वारा संचालित कोर्स

| क्र. सं. | कोर्स | अवधि | योग्यता | आयु | सीट | कुल फीस सामान्य/ ओ.बी.सी. | कुल फीस अनु० जाति/ अनु० जनजाति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TM-FT | 18 माह/ 1800 घण्टे | स्नातक | 19 वर्ष या उससे अधिक | 30 | 1,49,950/- | 48,520/- |
| 2. | AD-FMD •Jr. TS-FDM (1st Year) •TS-FDM (2nd Year) | 2 वर्ष/ 2400 घण्टे | 12वीं पास | 17 वर्ष या उससे अधिक | 60 | 1,78,600/- | 43,360/- |
| 3. | MT-FDPD | 1 वर्ष/ 1200 घण्टे | 12वीं पास | | 60 | 1,11,800/- | 44,180/- |
| 4. | T-FM | 1 वर्ष/ 1200 घण्टे | 10वीं पास | 17 वर्ष या उससे अधिक | 60 | 93,000/- | 25,380/- |
| 5. | Jr.T-FDP | 6 माह/ 600 घण्टे | 10वीं पास | | 60 | 47,650/- | 13,840/- |

विशेष छूट - क्रमांक 01 से 05 तक SC/ST अभ्यर्थियों का शिक्षण शुल्क माफ है

| क्र. सं. | कोर्स | अवधि | योग्यता | सीट | आयु | सभी वर्ग के लिए फीस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | SHOE CAD & DIGITAL 3D | 04 माह | 10वीं पास | 15 | 17 वर्ष या उससे अधिक | 32,800/- |
| 2. | SPECIALISED COURSE | 03 माह | 10वीं पास | 10 | | 96,760/- |
| 3. | WEEKEND COURSE : Manual Designing or CAD Engineering | 04 माह सप्ताह में 2 दिन | - | 10 | | 96,760/- |

अपना व्यवसाय शुरू करने एवं रोजगार पाने का अवसर
प्रवेश प्रक्रियाः- काउंसलिंग /साक्षात्कार द्वारा पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर।
Scan QR code for Prospectus
Scan QR code for Apply Online
पाठ्यक्रम प्रारम्भ होने की प्रस्तावित तिथि - 28 सितम्बर 2026
अधिक जानकारी के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट को देखें
सम्पर्क करें: 9411204684, 9411029121, 7017204375
Ph: 0562-2642005
E-Mail: info@cftiagra.org.in
CFTI, AGRA
Website: www.cftiagra.org.in

### 21 जुलाई से फॉर्म-8 के जरिए बदल सकेंगे मतदान केंद्र, निर्वाचन विभाग ने जारी की गाइडलाइन

# परिवार के वोट अलग-अलग बूथों पर जानिए वजह और सुधार का तरीका

**चंडीगढ़।** हरियाणा में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें एक ही परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग मतदान केंद्रों पर दर्ज हैं। इसे लेकर मतदाताओं में पैदा हुई जिज्ञासाओं और भ्रम को दूर करने के लिए निर्वाचन विभाग ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कारण, समाधान और मतदान केंद्र बदलने की प्रक्रिया की जानकारी दी है।

**सवाल:** एक ही परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग मतदान केंद्रों पर क्यों दर्ज हैं

**जवाब:** एसआईआर-2026 के दौरान ऐसे कई मामले सामने आए हैं। इसकी मुख्य वजह यह है कि कई सेक्टर या कॉलोनियों में एक ही भवन में दो अलग-अलग मतदान केंद्र (सेक्शन) बनाए गए हैं। फॉर्म-6 अलग-अलग बीएलओ के पास जमा होने से परिवार के सदस्य अलग-अलग बूथों पर दर्ज हो गए।

**सवाल:** क्या इससे मतदाता सूची में कोई गड़बड़ी मानी जाएगी

**जवाब:** नहीं। यह प्रशासनिक कारणों से हुआ है। सभी मतदाता अपने-अपने संबंधित मतदान केंद्र पर वैध रूप से पंजीकृत हैं।

**सवाल:** बीएलओ की क्या भूमिका होगी

**जवाब:** बीएलओ अपने क्षेत्र के मतदाताओं को गणना प्रपत्र देंगे, उसे भरवाकर वापस लेंगे और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उसका डिजिटाइजेशन करेंगे।

**सवाल:** क्या सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरना होगा

**जवाब:** हां। सभी पात्र मतदाताओं को अपना गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ को देना होगा।

**सवाल:** अगर परिवार चाहता है कि सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र पर हो तो क्या करना होगा

**जवाब:** प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद दावे एवं आपत्तियों की अवधि में फॉर्म-8 भरकर मतदान केंद्र बदलने का आवेदन करना होगा।

**सवाल:** फॉर्म-8 कब भरा जा सकेगा

**जवाब:** 21 जुलाई 2026 से 20 अगस्त 2026 तक फॉर्म-8 के माध्यम से मतदान केंद्र बदलने के लिए आवेदन किया जा सकेगा।

**सवाल:** नए मतदाता क्या सावधानी रखें

**जवाब:** फॉर्म-6 भरते समय परिवार के पहले से पंजीकृत सदस्य का विवरण सही-सही दर्ज करें और उसी मतदान केंद्र के बीएलओ के पास आवेदन जमा करें।

**सवाल: मतदाता सूची जारी होने के बाद क्या करना चाहिए**

**जवाब:** सभी मतदाता अपने नाम और अन्य विवरण की जांच जरूर करें।

### एसआईआर में लापरवाही पर 6 सुपरवाइजर, 50 बीएलओ को नोटिस, 10 के निलंबन की सिफारिश

**पंचकूला।** विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं डिजिटलीकरण कार्य में लापरवाही बरतने पर एसडीएम एवं निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) चंद्रकांत कटारिया ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने छह सुपरवाइजर और 50 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा 10 बीएलओ को निलंबित करने की सिफारिश करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र भेजा है। उन्होंने बताया कि पंचकूला विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के गणना प्रपत्र भरवाने और विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में तेजी लाने के लिए 4 और 5 जुलाई को शहर में 12 स्थानों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इनमें बीड़ घग्गर, राजीव कॉलोनी, खड़क मंगोली, माजरी, सेक्टर-20 आशियाना, सेक्टर-26 आशियाना, सेक्टर-28 आशियाना सहित अन्य स्थान शामिल हैं। इन शिविरों में मतदाता अपने गणना प्रपत्र भरने में सहायता प्राप्त कर सकेंगे। ईआरओ ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण एवं डिजिटलीकरण कार्य को पूरी गंभीरता, मेहनत और गति के साथ पूरा करें, ताकि निर्धारित समय सीमा में त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार की जा सके। उन्होंने मतदाताओं से भी अपील की कि वे अपने निकटतम शिविर में पहुंचकर गणना प्रपत्र भरवाएं, बीएलओ, सुपरवाइजर और बीएलए का सहयोग करें।

**खबर संक्षेप**



## गुरुग्राम के टावर ऑफ जस्टिस का लोकार्पण 12 जुलाई को

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के नए जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर 'टावर ऑफ जस्टिस' का लोकार्पण 12 जुलाई को होगा। भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत इसका उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन के बाद यह आधुनिक न्यायिक परिसर गुरुग्राम जिले की न्यायिक व्यवस्था को नई गति देगा। उद्घाटन समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस हरसिमरन सिंह, हाईकोर्ट की बिल्डिंग कमेटी के चेयरमैन एवं गुरुग्राम डिवीजन के इंस्पेक्टिंग जज जस्टिस रोहित कपूर और कमेटी की सदस्य जस्टिस अराधना साहनी ने 'टावर ऑफ जस्टिस' का निरीक्षण किया।

## पांच-पांच हजार रुपये के ईनामी बदमाश काबू

**नूंह।** जिला पुलिस की अपराध जांच शाखा पुन्हाना ने राजस्थान के डीग जिले के जुरहरा थाना क्षेत्र से वांछित चल रहे दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों पर 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंसार और सुनीम उर्फ बकरा के रूप में हुई है। ये दोनों नूंह जिले के पुन्हाना थाना क्षेत्र के गांव लुहिंगा के निवासी हैं। दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे और राजस्थान के जुरहरा थाने में दर्ज एक मुकदमे में नामजद थे। राजस्थान पुलिस दोनों आरोपियों को ले गई है। उन्हें संबंधित कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# पानीपत, हिसार और फतेहाबाद में हत्याओं से फैली दहशत, शातिर आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

## बहन के बॉयफ्रेंड ने चाकू मार युवक की हत्या की, दोस्तों ने आरोपी को मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

■ पिता बनने की खुशी में रखी थी पार्टी, मुख्य आरोपी बिना बुलाए आया तो दोनों गुट भिड़े

सेक्टर 19 में दोहरे मर्डर की वारदात ने सनसनी फैला दी है। मामूली विवाद के बाद बहन के प्रेमी ने युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। वहीं, आरोपी को मृतक युवक के दोस्तों ने पीट-पीटकर मार डाला। बताया जा रहा है कि छह दिन पहले ही युवक पिता बना था। उसकी बहन का बॉयफ्रेंड बिना बुलाए ही नामकरण समारोह में आ गया था। जिसे लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सेक्टर-6 स्थित नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। मृतक युवक की पहचान 26 वर्षीय संजीत निवासी सेक्टर 19 के रूप में हुई, जबकि उसकी बहन के बॉयफ्रेंड का नाम अर्जुन था।

डीसीपी क्राइम अमरिंदर सिंह के अनुसार संजीत के घर 6 दिन पहले बेटे का जन्म हुआ था। परिवार ने इस खुशी में सेक्टर-19 में नामकरण समारोह और पार्टी का आयोजन किया था। इस पार्टी में उसकी बहन का बॉयफ्रेंड अर्जुन भी बिन बुलाए ही अपने 7-8 साथियों के साथ पहुंच गया। संजीत का परिवार



मृतक संजीत।



अर्जुन।

पहले से ही उनके रिश्ते के खिलाफ था। इसी को लेकर संजीत और अर्जुन में झगड़ा हो गया। दोनों की खूब मारपीट हुई। दोनों के दोस्त भी इस झगड़े में कूद पड़े। हंगामा बढ़ने पर अुर्जन और उसके दोस्त वहां से भाग गए।

**पीछा करने पर संजीत को मारा चाकू :** डीसीपी के मुताबिक, अर्जुन और उसके दोस्तों के वहां से भाग जाने के बाद संजीत भी अपने साथियों के साथ उनके पीछे दौड़ पड़ा। संजीत को पीछे आता देखकर अर्जुन सेक्टर-19 इंडस्ट्रियल एरिया के अंडरपास के पास छुप गया। इसी दौरान संजीत ने उसे देख लिया और उसके पास पहुंच गया। आरोप है कि संजीत को देख अर्जुन ने हाथ में लिए चाकू से उसकी छाती पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**दोस्त की हत्या देखकर आरोपी को पीटा :** यह देख अर्जुन के दोस्त वहां से फरार हो गए। अर्जुन को संजीत के दोस्तों ने घेर लिया और पीट-पीट कर मार डाला। उधर, परिवार के लोग भी दोनों के पीछे-पीछे आए गए। सूचना पर सेक्टर-19 पुलिस चौकी, सेक्टर-20 थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।

### बहन से प्रेम प्रसंग के कारण दो दोस्त बने जानी दुश्मन

परिवार के अनुसार, संजीत और अर्जुन कश्यप पहले से एक दूसरे को जानते थे। मगर, बहन से प्रेम प्रसंग के चलते उनमें रंजिश पैदा हो गई। इस वारदात को अंजाम देने में कुछ अन्य लोग भी शामिल हैं। पुलिस द्वारा मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। संजीत के परिजनों, रिश्तेदारों और दोस्तों समेत अन्यों से पूछताछ की जा रही है।

## कुलदीप बिश्नोई के नजदीकी पूर्व सरपंच को 15 गोलियां मारीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

■ फतेहाबाद के खाराखेड़ी में ढाबे पर बैठे हुए थे राजेंद्र खिलेरी, बाइक सवार दो बदमाशों ने गोलियां मारीं

नेशनल हाइवे पर स्थित गांव खाराखेड़ी में शनिवार शाम को एक सनसनीखेज वारदात में गांव के पूर्व सरपंच की गोलियां मारकर हत्या करने का समाचार है। मृतक की पहचान राजेंद्र खिलेरी (50) के रूप में हुई है। वह गांव के ही एक ढाबे पर बैठे हुए थे, तभी मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए दो अज्ञात हमलावरों ने उन पर करीब 15 राउंड फायरिंग की, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस व उच्चाधिकारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

मिली जानकारी के अनुसार, पूर्व सरपंच राजेंद्र खिलेरी शनिवार शाम को खाराखेड़ी गांव स्थित एक ढाबे पर मौजूद थे। इसी दौरान अचानक बाइक पर सवार दो अज्ञात हमलावर वहां पहुंचे और राजेंद्र को निशाना बनाते हुए अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू



फतेहाबाद। भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई के साथ पूर्व सरपंच राजेंद्र खिलेरी।

कर दीं। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार होने में कामयाब रहे। मृतक राजेंद्र खिलेरी क्षेत्र की राजनीति में काफी सक्रिय थे और गांव के साथ-साथ फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के मामलों में भी उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती थी। वे फतेहाबाद के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता दुड़ाराम के बेहद करीबी थे। इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजनलाल परिवार के साथ भी उनके नजदीकी संबंध थे। इस हत्याकांड के बाद से राजनीतिक व सामाजिक हलकों में शोक व तनाव का माहौल है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस हत्याकांड के पीछे पुरानी रंजिश की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि कुछ समय पूर्व रामदेव मंदिर के मेले के दौरान राजेंद्र खिलेरी का खासा ढाणी के कुछ लोगों के साथ विवाद हुआ था। आरोप है कि इस विवाद के बाद राजेंद्र ने उनके तूड़ी से भरे ट्रैक्टरों के चालान कटवा दिए थे, जिसके बाद से दोनों पक्षों के बीच रंजिश और बढ़ गई थी। वारदात के बाद पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है और फोरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। मृतक राजेंद्र के शव को आगामी कार्रवाई के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया है। हमलावरों की धरपकड़ के लिए सीआईए और स्थानीय पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं।

## दो दोस्तों को घेरकर चाकुओं से हमला, एक की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

गैबीपुर नहर के पास तीन बाइक सवार युवकों ने दो दोस्तों पर चाकुओं से हमला कर दिया। हमले में गांव बुढ़ाखेड़ा निवासी 25 वर्षीय विष्णु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका 23 वर्षीय दोस्त गांव बुढ़ाखेड़ा निवासी पारस गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का बरवाला के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। बरवाला डीएसपी सुमित कुमार मौके पर पहुंचे और जांच तेज करवाई। उपचाराधीन पारस ने बताया कि शनिवार दोपहर बाद वह दोस्त विष्णु के साथ गैबीपुर नहर पर गाड़ी धोने गया था। वहां कुछ लोग पहले से मौजूद थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर तीन युवक आए और विष्णु को बात करने के लिए ले गए। तीनों ने अचानक उस पर चाकुओं से हमला कर दिया। वह जान बचाने के लिए भागा तो हमलावर उसके पीछे दौड़े। इसके बाद आरोपियों ने विष्णु पर भी कई वार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पारस ने बताया कि वह गाड़ी चलाता है और दोस्ती के नाते विष्णु के साथ आया था। उसने आरोप लगाया कि हमलावरों में प्रभुवाला गांव का रवि नामक युवक भी शामिल था। पारस ने यह भी दावा किया कि इससे पहले भी उस पर हमला हो चुका है और उसने पुलिस की 112 हेल्पलाइन पर सूचना दी थी, लेकिन उस मामले में कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। मृतक विष्णु खेती-बाड़ी के साथ-साथ गाड़ी चलाने का कार्य करता था। वह अपने पीछे पत्नी और दो बेटियों को छोड़ गया है।



मृतक विष्णु।

## लिव इन पार्टनर छोड़कर दूसरे के पास गई तो उसके साथी का किया मर्डर

फरीदाबाद। राजीव कॉलोनी में 30 जून की रात विपिन यादव की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी विजय को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी विजय एक महिला के साथ रहता था। वह उसे छोड़कर विपिन के साथ आकर रहने लगी थी। विजय ने महिला पर विपिन से अलग होकर उसके साथ लौटने का दबाव बनाया, लेकिन महिला ने इनकार कर दिया। इसके बाद विजय ने महिला और विपिन की हत्या की साजिश रच डाली। इसके लिए 6 हजार रुपये में यूपी से देसी कट्टा खरीदा। पुलिस के अनुसार, मृतक विपिन यादव उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले के विनायकपुर गांव का रहने वाला था। विजय और महिला भी मैनपुरी के ही हैं। क्राइम ब्रांच एसीपी अमन यादव ने बताया कि आरोपी की तलाश में फरीदाबाद, मैनपुरी और कानपुर समेत कई जगह दबिश दी गई। तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर 3 जुलाई को विजय को जेसीबी चौक के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। जांच में सामने आया है कि महिला करीब सात-आठ साल से अपने पहले पति को छोड़कर विजय के साथ रह रही थी। इसके बाद उसने विजय को भी छोड़ दिया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## बेटे ने शराब के नशे में बाप की सुए से 8 वार करके ली जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सिवानी मंडी के वार्ड नंबर दो से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां शराब के नशे में धुत एक कलयुगी बेटे ने अपने 66 वर्षीय पिता हरीराम की सुए से गोदकर हत्या कर दी। आरोपी ने अपनी मां बीरमती पर भी हमला करने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बीरमती ने बताया कि वे मूलरूप से जींद के रहने वाले हैं। इकलौता बेटा संदीप शराब पीने का आदी है। अक्सर वह शराब के नशे में झगड़ा करता था और हम दोनों को जान से मारने की धमकी देता था। इसके चलते जनवरी माह में सिवानी मंडी के वार्ड नंबर दो में रहने के लिए आ गए। पति हरीराम मजदूरी करता था। अप्रैल माह में बेटा अपनी पत्नी और दो बच्चों को लेकर हमारे पास सिवानी मंडी आ गया। शुक्रवार रात को साढ़े 12 बजे वह शराब के नशे में आया। यह देखकर हरीराम ने उसे टोक दिया। इसी बात को लेकर वह झगड़ा करने लगा।

बीरमती के अनुसार संदीप पहले सुआ लेकर उसे मारने दौड़ा, लेकिन वह किसी तरह घर से भाग निकलीं और वार्ड नंबर तीन में अपनी बहन के घर पहुंचकर जान बचाई। पीछे से आरोपी ने अपने पिता हरीराम पर सुए से ताबड़तोड़ 8 वार कर दिए। उसने पिता की गर्दन पर तीन, सीने पर तीन और पेट पर दो वार किए। वारदात के कुछ देर बाद जब आरोपी का बेटा अमन बाइक लेने घर पहुंचा, तो उसने दादा को खून से लथपथ हालत में पड़ा देखा। नागरिक अस्पताल लाते ही चिकित्सकों ने हरीराम को मृत घोषित कर दिया।

## बिट्टू बजरंगी को ठगने वाली फर्जी दुल्हन समेत 5 आरोपी गिरफ्तार

■ नूंह हिंसा के आरोपी व गोरक्षा बजरंग फोर्स के अध्यक्ष बिट्टू बजरंगी से शादी के नाम पर लिए थे 40 हजार रुपये, मंदिर में फेरों के लिए बुलाकर नहीं आई थी दुल्हन व परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

फरीदाबाद। नूंह हिंसा के आरोपी व गोरक्षा बजरंग फोर्स के अध्यक्ष बिट्टू बजरंगी के साथ शादी के नाम पर 40 हजार की ठगी करने वाले फर्जी दुल्हन गिरोह का खुलासा हुआ है। पुलिस ने उत्तरप्रदेश के अलीगढ़ से दंपति समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह फर्जी रिश्ते तय कर, नकली दुल्हन और उसके परिजनों का नाटक रचकर लोगों से शादी के नाम पर पैसे ऐंठता था और फिर फरार हो जाता था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दानिश चमन (35), उसकी पत्नी महविश दानिश (27), सचिन (27), संजीव (52) निवासी अलीगढ़ और प्रदीप (34) निवासी बुलंदशहर के रूप में हुई है। सभी आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस अब इस गिरोह की मास्टरमाइंड रानी की तलाश कर रही है।



पुलिस की गिरफ्त में फर्जी दुल्हन गिरोह।

पुलिस को दी शिकायत में संजय एन्क्लेव निवासी राजकुमार पांचाल (बिट्टू बजरंगी) ने बताया था कि इस गिरोह ने उसे लड़की दिखाने के बहाने कई बार अलीगढ़ बुलाया। फिर पूजा की तस्वीर दिखाई। 5 सितंबर को रानी, लड़की पूजा व उसका परिवार अलीगढ़ से उसके घर भी आया था तथा टीके के 11000 रुपये ले लिए। इसके बाद शादी की प्रकिया के लिए उन्होंने उससे 30 हजार रुपये लिए तथा 7 सितंबर को अलीगढ़ स्थित मंदिर में शादी करने की बात कही। वह 7 सितंबर को मंदिर भी पहुंचा परंतु वहां कोई नहीं आया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी महविश दानिश पहले भी इसी तरह की ठगी के दो मामलों में जेल जा चुकी है।

## दादरी बस स्टैंड से रोडवेज बस चोरी, 600 किमी दूर चित्तौड़गढ़ से मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

दादरी बस स्टैंड परिसर से शुक्रवार रात को हरियाणा रोडवेज की एक बस चोरी होने का मामला सामने आया है। शनिवार सुबह घटना का उस समय पता चला, जब उस बस के चालक व परिचालक बस स्टैंड पर पहुंचे। रोडवेज बस की चोरी की सूचना पाकर रोडवेज विभाग और पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस ने विभिन्न राज्यों को अलर्ट जारी करने के बाद शनिवार दोपहर को बस को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले से बरामद कर लिया है। अब बस चोरी करने वाले आरोपी की पहचान करने और करीब 600 किमी ले जाने की जांच हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भिवानी डिपो के लोहारू सब डिपो की रोडवेज बस शुक्रवार रात नाइट स्टे के लिए दादरी बस स्टैंड पर खड़ी की गई थी। यह बस दादरी-लोहारू रूट पर चलती है। बस के चालक महेंद्र सिंह ने रात को बस खड़ी कर दी थी। शनिवार सुबह जब वह ड्यूटी पर पहुंचे तो बस अपने स्थान पर नहीं मिली। दादरी डिपो के स्टेशन अधीक्षक सतीश दुहन ने बताया कि सूचना मिलने के बाद बस स्टैंड पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की गई। जांच में शुक्रवार रात करीब 8 बजकर 53 मिनट पर एक अज्ञात व्यक्ति बस को बस स्टैंड से बाहर ले जाता दिखाई दिया।

## अब पानी के लिए ट्रैक्टर मार्च



**हांसी।** चानौत में पीने के पानी की मांग पर चल रहे आंदोलन के 50 दिन पूरे होने पर ग्रामीणों ने अपने संघर्ष को और तेज करते हुए धरनास्थल से गांव के जलघर तक करीब दो किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाई। इसके बाद ग्रामीणों ने सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ जलघर से लेकर धरनास्थल तक ट्रैक्टर मार्च निकाला। ग्रामीण भाखड़ा पाइपलाइन से पानी देने के लिए अलग लाइन की मांग कर रहे हैं। वहीं, सिरसा लोकसभा सांसद एवं कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने चानौत गांव पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की।

## सांप के डसने से किशोरी की मौत, इलाज में लापरवाही के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

गांव जांबा निवासी 15 वर्षीय किशोरी की सांप के काटने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने निजी अस्पताल के डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है। जानकारी के अनुसार गांव जांबा निवासी वंदना (15) पुत्री कमलदीप को शुक्रवार देर रात घर में कॉमन क्रेट सांप ने काट लिया। सांप वाशिंग मशीन के नीचे छिपा हुआ था।

घटना के तुरंत बाद वंदना को उपचार के लिए पूंडरी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतका के पिता कमलदीप का आरोप है कि अस्पताल में डॉक्टर ने उपचार शुरू किया, लेकिन पूरी रात बार-बार इलाज के बजाय पैसे जमा करवाने की बात कही। जब उन्होंने बेटी की तबीयत के बारे में पूछा तो उन्हें बताया गया कि उसकी हालत सामान्य है।

परिजनों का आरोप है कि रात करीब तीन बजे वंदना की तबीयत अचानक ज्यादा बिगड़ गई। उन्होंने उसे किसी बड़े अस्पताल में ले जाने के लिए छुट्टी देने की मांग की, लेकिन अस्पताल की ओर से छुट्टी नहीं दी गई। शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे उपचार के दौरान वंदना की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को लिखित शिकायत दी है। पूंडरी थाना प्रभारी शिवकुमार ने बताया कि परिजनों की शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

## खेत में चारा काट रहे दो युवकों की करंट लगने से मौत

हरिभूमि न्यूज. सिरसा

■ खेत के ऊपर से 11 हजार वोल्टेज लाइन गुजर रही, ट्रैक्टर पर खड़े होने पर चपेट में आए

करंट लगने से दो युवकों की मौत हो गई। युवक खेत में पशुओं के लिए मशीन से चारा काट रहे थे। दोनों को घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान शुक्रवार रात उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। शनिवार को शवों का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिए गए हैं। मृतक युवकों की पहचान जिला के रोड़ी निवासी देवेंद्र सिंह और दलजीत सिंह के रूप में हुई है।

गांव रोड़ी निवासी देवेंद्र सिंह व दलजीत सिंह गांव बुर्ज कर्मगढ़ में पशुओं के लिए चारा काटने के लिए गए थे। बताया जा रहा है कि ठेकेदार जसमीत सिंह ने चारा काटने का ठेका लिया हुआ है। ठेकेदार के कहने पर दोनों चारा काटने के लिए साइलेज मेकर मशीन लेकर खेत में गए हुए थे। खेत के ऊपर से 11 हजार वोल्टेज की लाइन गुजर रही है। चारा काटने के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली में लोड किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि देवेंद्र और दलजीत जैसे ही ट्रैक्टर पर खड़े हुए तो दोनों बिजली की तारों की चपेट में आ गए और बेहोश होकर नीचे गिर गए। आसपास के लोगों ने दोनों को गंभीरावस्था में अस्पताल में पहुंचाया, जहां रात्रि को उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। परिजनों ने बिजली निगम अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। साथ ही खेत मालिक व ठेकेदार पर बिजली सप्लाई कटवाने को लेकर गुमराह करने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि देवेंद्र व दलजीत सिंह दोनों दोस्त थे और अपने मां-बाप के इकलौते बेटे थे।

**आरटीई** तकनीकी खामी की भेंट चढ़ा शिक्षा विभाग का पोर्टल

## वेबसाइट ठप होने पर अटका शिक्षा का हक


■ आरटीई के तहत आवेदन करने की 6 जुलाई है अंतिम तिथि, वेबसाइट तीन दिन से प्रभावित, अभिभावक परेशान

नरेश पंवार ▶▶ कैथल

एक ओर तो प्रदेश सरकार व शिक्षा विभाग गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला दिलाने के दावे कर रही है तो वहीं दूसरी ओर से दाखिले के ऑनलाइन आवेदन हेतु बनाया विभाग का पोर्टल तकनीकी खामी की भेंट चढ़ रहा है।

बता दें कि प्रदेश में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में दाखिले के लिए शिक्षा विभाग ने दोबारा से पोर्टल खोला है लेकिन इसमें तकनीकी खामी के कारण यह सही तरह से नहीं चल रहा है। वेबसाइट बार-बार ठप होने के कारण अभिभावक आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। इससे कई अभिभावकों को साइबर कैफे और अटल सेवा केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि पोर्टल पर लॉगिन करने के बाद आवेदन प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ रही। कई बार वेबसाइट खुल ही नहीं रही, जबकि कुछ मामलों में दस्तावेज अपलोड करने और आवेदन सबमिट करने में दिक्कत आ रही है। अभिभावक सुरेंद्र ने बताया कि शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को 15 जुलाई तक पात्र विद्यार्थियों का दाखिला सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 6 जुलाई है, लेकिन पिछले 3 दिन में इसका पोर्टल ठप है। इसमें न तो रजिस्ट्रेशन हो रहा है और न ही आवेदन हो पा रहा है।

### निजी स्कूलों में प्रवेश स्तर की 25 प्रतिशत सीटें होती हैं आरक्षित




शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम 2009 के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश स्तर की 25 प्रतिशत सीटें आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित होती हैं। इन बच्चों की पढ़ाई का खर्च सरकार वहन करती है। इस योजना में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के आवेदन सीटों से अधिक हों तो विभाग ड्रा (लॉटरी) के माध्यम से चयन करता है। जिन निजी स्कूलों ने आरटीई सीटों का विवरण समय पर पोर्टल पर अपलोड नहीं किया था, उन्हें 15 जुलाई तक पात्र बच्चों का दाखिला सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

> जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी प्रमोद राणा ने बताया कि पोर्टल की तकनीकी खामियां जल्द दूर करने को लेकर मुख्यालय स्तर पर अधिकारियों से पत्राचार किया गया है, ताकि किसी भी बच्चे का दाखिला प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि आरटीई के तहत पात्र बच्चों को प्रवेश दिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## 16 साल की किशोरी बनी मां बाल विवाह में पिता पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

■ मां की हो चुकी मौत, पांच बहनों में से तीन की भी करवा चुके शादी, दूल्हा भी था नाबालिग


कुरुक्षेत्र जिले में 16 साल की किशोरी के मां बनने का मामला सामने आया है। पुलिस ने नाबालिग बेटी के बयान पर उसके पिता के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित है, लेकिन दोनों अस्पताल में दाखिल है। दोनों का इलाज चल रहा है।

किशोरी ने पुलिस को बताया कि वह झांसा थाने के अंतर्गत आने वाले एक गांव की रहने वाली है और 7वीं क्लास तक पढ़ी है। उसकी मां की करीब 6 साल पहले मौत हो चुकी है। उसके पिता मजदूरी करते हैं। परिवार में 5 बहनें और एक भाई हैं। 3 बहनों की शादी हो चुकी है। घर पर उसकी देखभाल करने वाला कोई नहीं था। इसी कारण उसके पिता ने पिछले साल 5 जनवरी 2025 को उसकी शादी हिंदू रीति-रिवाज से करा दी। उस समय उसकी उम्र करीब 15 साल ही थी। तब उसके पति की उम्र भी करीब 17 साल थी। इस शादी के बाद वह गर्भवती हो गई। 30 जून को उसे दर्द होने लगा तो उसे एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसी दिन उसने यहां एक बेटी को जन्म दिया।

नाबालिग के गर्भवती होने की सूचना पीएचसी से तुरंत पुलिस तक पहुंचाई गई। नाबालिग लड़की और उसके पति से पूछताछ के बाद मामला उजागर हो गया। अब पुलिस ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 की धारा 10 के तहत केस दर्ज कर लिया। थाना झांसा के एसएचओ जयवीर सिंह ने बताया कि नाबालिग के बयान पर उसके पिता के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। अभी नाबालिग की काउंसलिंग करवाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### अकासा एयर के बेड़े में 40वां विमान शामिल



**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी अकासा एयर ने अपने बेड़े में 40वां विमान शामिल कर लिया है। उसे 40वें विमान के रूप में बोइंग 737 मैक्स 8-200 की डिलीवरी मिल गई है, जिसका पंजीकरण नंबर वीटी-वाईबीक्यू है। इस विमान की डिलीवरी उड़ान का पहला चरण अमेरिका के सिएटल से आइसलैंड के रेकजाविक तक था, जबकि अंतिम चरण मिस्र के काहिरा से बेंगलुरु तक की उड़ान के साथ संपन्न हुआ।

### निर्वासन के लिए 50 बांग्लादेशी बंगाल पहुंचे



**सलेम।** तमिलनाडु से 50 बांग्लादेशी नागरिकों के समूह को ट्रेन से बंगाल भेजा गया ताकि उन्हें उनके देश वापस भेजा जा सके। पुलिस ने जानकारी दी। वापस भेजे जा रहे इन लोगों में 44 पुरुष और छह महिलाएं शामिल हैं। इन्हें पहले सलेम जिले के अत्तूर तालुक कार्यालय परिसर में बने विशेष निरुद्ध शिविर में रखा गया था।

### शिंदे को वायरल बुखार अस्पताल में भर्ती



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को वायरल बुखार और सर्दी की शिकायत के बाद ठाणे के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार को अस्पताल में भर्ती कराए गए उपमुख्यमंत्री को चिकित्सकों ने आराम करने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि उम्मीद है कि शिंदे को जल्द अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

25 दिवसीय सत्र में 19 बैठकें

# संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में सत्ताधारी भाजपा की जीत के बाद 19 बैठकों वाला यह 25 दिवसीय संसदीय सत्र हो रहा है। तृणमूल कांग्रेस और शिवसेना (उबाठा) में हुई बगावत का असर भी आने वाले सत्र में देखने को मिलेगा। तृणमूल के 20 तथा शिवसेना (उबाठा) के छह सांसदों को अलग गुट के तौर पर मान्यता देने की मांग पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा निर्णय लिया जाना अभी बाकी है।

### राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

रीजीजू ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि सरकार की संस्तुति पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मानसून सत्र 2026 के लिए संसद के दोनों सत्रों को आहूत करने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सार्थक बहस, चर्चा और निर्णयों के लिए यह सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा और 13 अगस्त तक चलेगा।

जत्थे में 966 महिलाएं

# 4,812 अमरनाथ यात्रियों का तीसरा जत्था रवाना

**जम्मू (एजेंसी)।** अमरनाथ की वार्षिक यात्रा में शामिल होने के लिए 4,812 श्रद्धालुओं का तीसरा जत्था शनिवार को यहां भगवती नगर आधार शिविर से दो अलग-अलग काफिलों में कश्मीर रवाना हुआ। इस जत्थे में 966 महिलाएं शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को अनंतनाग जिले के पहलगाम और गांदरबल जिले के बालटाल मार्ग से शुरू हुई 57 दिन की वार्षिक यात्रा के पहले दिन 12,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा में दर्शन और पूजा-अर्चना की। उन्होंने बताया कि तीसरे जत्थे में 244 साधु और 157 साध्वियां भी शामिल थीं। यह जत्था कड़ी सुरक्षा के बीच तड़के तीन बजे से साढ़े



तीन बजे के बीच 126 वाहनों में भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। कुल 2,771 श्रद्धालु पहलगाम आधार शिविर की ओर रवाना हुए। इनमें 542 महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं। शेष श्रद्धालु बालटाल मार्ग से गए, जिनमें 424 महिलाएं और पांच बच्चे शामिल हैं। इसके साथ ही दो जुलाई से अब तक जम्मू से 13,499 श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हो चुके हैं।

651 को किया सम्मानित

# यूएन ने सराहे कांगो में भारतीय शांति सैनिकों के प्रयास

**नई दिल्ली।** लंबे वक्त से जारी सशस्त्र हिंसा और जटिल मानवीय चुनौतियों से जूझ रहे अफ्रीका महाद्वीप के देश पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में शांति स्थापना के लिए जारी भारतीय शांति सैनिकों (ब्लू हेलमेट) के प्रयासों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरजोर अंदाज में सराहा गया है। सेना के कुल 651 शांति सैनिकों को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) पदक से सम्मानित किया गया है। बीते 3 जुलाई को कांगो के स्थायी ऑपरेटिंग बेस 'साके' में एक भव्य परेड समारोह हुआ था। जिसमें सभी सैनिकों को सम्मानित किया गया। आयोजन में मोनुस्को के वरिष्ठ अधिकारी, फोर्स मुख्यालय के प्रतिनिधि, सैन्य नेतृत्व और अन्य विशिष्ट अतिथि



मौजूद रहे। सेना ने शनिवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। यहां बता दें कि संयुक्त राष्ट्र की तरफ से यह पदक उन सैन्य योद्धाओं को प्रदान किया जाता है। जिन्होंने यूएन के शांति मिशन में सराहनीय योगदान दिया हुआ होता है। पूर्व में 2023 में भारत को यूएन का सर्वोच्च सम्मान कहे जाने वाले ' डॉग हैमरशॉल्ड' पदक से भी सम्मानित किया गया था।

### हर्ष फायरिंग से मौत विधायक को सजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एमपी-एमएलए कोर्ट ने वर्ष 2018 के चर्चित जश्न में फायरिंग मामले में बिहार के साहेबगंज से भाजपा विधायक राजू कुमार सिंह को चार साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उन पर 25 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह राशि मृतका के परिजनों को मुआवजे के तौर पर दी जाएगी। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने शनिवार को सजा का ऐलान करते हुए कहा कि राजू कुमार सिंह को भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (भाग-2) के तहत चार साल के साधारण कारावास की सजा दी जाती है। इसके अलावा आर्म्स एक्ट के तहत लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन के मामले में दो महीने की अतिरिक्त सजा भी सुनाई गई है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का किया उद्घाटन

# हम लोगों की सुविधाओं में कर रहे इजाफा युद्धकाल में विपक्ष ने नागरिकों को 'डराया'



प्रधानमंत्री ने पौधरोपण भी किया

एजेंसी ▶▶ जोधपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के जोधपुर में एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने संशोधित 'उड़ान' योजना भी लॉन्च की, जिसका उद्देश्य देश में विमानन कनेक्टिविटी का विस्तार और विमानन-आधारित विकास को गति देना है। प्रधानमंत्री ने नए टर्मिनल भवन का निरीक्षण किया। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने उन्हें टर्मिनल की विभिन्न विशेषताओं की जानकारी दी। इसके बाद प्रधानमंत्री ने नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। यह परियोजना 480 करोड़ रुपए की लागत से विकसित की गई है। 23,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैला यह नया टर्मिनल भवन हर साल 20 लाख यात्रियों को संभालने में सक्षम है। इसमें आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे यात्रियों को अधिक सुगम और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। इस दौरान मोदी ने कहा कि युद्ध के दौरान कई अफवाहें फैलाई गईं। देशवासियों को डराया गया।

**संशोधित 'उड़ान'** योजना लॉन्च की विपक्ष पर बोला हमला → **480** करोड़ की लागत से तैयार हुआ → **23,000** वर्ग मीटर में फैला → **20** लाख यात्रियों को हर साल संभालने में सक्षम



उड़ान योजना की शुरुआत करते प्रधानमंत्री मोदी

**राजस्थान की विरासत और हरित**

राजस्थान की शाही विरासत से प्रेरित इस टर्मिनल की वास्तुकला में मेहराब और झरोखों जैसे पारंपरिक तत्वों को आधुनिक डिजाइन के साथ समाहित किया गया है। ऊर्जा-कुशल प्रणालियां, जल संरक्षण

**योजना के लिए 28,840 करोड़ रुपए का प्रावधान**

पीएम मोदी ने संशोधित 'उड़ान' योजना भी लॉन्च की। इस योजना के तहत 28,840 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। इसका उद्देश्य अगले 10 वर्षों में

**100 नए हवाई अड्डे और 200 हेलिपैड विकसित होंगे**

अप्रयुक्त हवाई पट्टियों का उपयोग करते हुए 100 हवाई अड्डों के विकास पर विशेष जोर दिया गया है, जिसके लिए 12,000 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है।

पचपदरा रिफाइनरी का लोकार्पण किया

### गिनाईं ये उपलब्धियां, विकास में बड़ा कदम बताया

प्रधानमंत्री ने जोधपुर में नए एयरपोर्ट टर्मिनल और करीब 79,459 करोड़ की लागत से विकसित पचपदरा रिफाइनरी का लोकार्पण किया। रिफाइनरी से जुड़े पेट्रोकेमिकल जोन के विकास की दिशा में यह बड़ा कदम माना जा रहा है। इस रिफाइनरी से निकलने वाले उप-उत्पादों पर आधारित प्लास्टिक उद्योग स्थापित किए जाएंगे। 'उड़ान' से मारवाड़ की समृद्ध विरासत और आधुनिक बुनियादी ढांचे के इस अनूठे संगम में देश-विदेश से आने वाले यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी।

### पचपदरा रिफाइनरी की खास बातें

पचपदरा रिफाइनरी देश की सबसे बड़ी औद्योगिक परियोजनाओं में शामिल है। इसके निर्माण के लिए 1.5 करोड़ घन मीटर मिट्टी की खुदाई की गई।

**राजस्थान की धरती के कण-कण ने हमें स्वाभिमान की सीख दी**

पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान की धरती के कण-कण ने हमें स्वाभिमान की सीख दी है। यह रिफाइनरी यहां हजारों लोगों के लिए रोजगार का माध्यम बनेगी। भाजपा की सरकारें केवल परियोजनाओं का शिलान्यास करके उन्हें अधूरा नहीं छोड़तीं।

**छोटे-छोटे क्षेत्रों को भी हवाई सेवाओं से जोड़ा जाएगा**

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह टर्मिनल मारवाड़ के विकास को नई गति देगा। इसके तहत दूर-दराज के छोटे-छोटे क्षेत्रों को भी हवाई सेवाओं से जोड़ा जाएगा। राजस्थान के 54 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र भी दिए गए।

**युद्ध के बीच घरेलू गैस की कीमतें रहीं अप्रभावित**

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस युद्ध ने 21वीं सदी के सबसे बड़े ऊर्जा संकट को जन्म दिया। सरकार ने प्रभावी प्रबंधन के जरिए इसकी कीमत करीब 950 रुपए के आसपास बनाए रखी।

**हमने किसानों को 300 रुपए में दी यूरिया**

पीएम मोदी ने कहा कि यूक्रेन युद्ध के कारण खाद का गंभीर संकट पैदा हो गया था। एक बोरी यूरिया की कीमत 3,000 रुपए से भी ऊपर पहुंच गई थी। हमने किसानों को यूरिया मात्र 300 रुपए में उपलब्ध कराया, सब्सिडी भी दी।

**दूसरे देशों के साथ दोस्ती बहुत काम आई**

पीएम मोदी ने कहा कि युद्ध के इसी समय में भारत की दूसरे देशों के साथ दोस्ती बहुत काम आई। पहले भारत 25-26 देशों से ईंधन का आयात करता था, लेकिन संकट के समय भारत की रणनीति का जलवा दिख गया।

पहली बार लखनऊ पहुंचे नबीन

# रोड शो में बरसे फूल... प्रदेश मुख्यालय में की अहम बैठक



### मुख्यमंत्री योगी ने किया नितिन नबीन का स्वागत

**लखनऊ।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद नितिन नबीन शनिवार को पहली बार लखनऊ पहुंचे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पुष्पगुच्छ देकर व भगवा अंगवस्त्र पहनाकर एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। योगी ने प्रदेश सरकार के मंत्रियों व कार्यकर्ताओं का परिचय भी कराया। योगी ने 'एक्स' पर लिखा कि प्रभु श्रीराम एवं लीलाधारी भगवान श्रीकृष्ण के चरणरज से पावन हुई संस्कृति, संस्कार और सृजन की साधना स्थली उत्तर प्रदेश में नबीन का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन। नबीन ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में फिर से कमल खिलेगा और पार्टी कार्यकर्ता चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। आज पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा दिखाया गया प्यार और स्नेह संकेत देता है कि 2027 में कमल निश्चित रूप से खिलेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से 'डबल इंजन' सरकार मोदी-योगी की जोड़ी ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश में बदल दिया है, कमल निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश में खिलने के लिए तैयार है।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Aditya Saini, Civil Judge (Junior Division), Rewari
PAMINDER
Vs.
SUBE SINGH
CNR No. HRRE02-000101-2025
Next Date:- 29-07-2026
PUBLICATION ISSUED TO:
DHARAMBIR
Father :- LATE SH. MOHAR SINGH
VILL. MOTLA KALAN, SUB TEHSIL DAHINA, REWARI
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 29.07.2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rewari
Sd/- (Aditya Saini), Civil Judge (Junior Division), Rewari
Dated, this day of 03.07.2026

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार साहिब साधिकार सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, जिला सिरसा।**
संदीप कुमार बनाम जगमाल वगैरा
दरखास्त तकसीम भूमि तादादी 40 कनाल 02 मरले खेवट नं.-226 खतौनी नं.-262 मुरब्बा नं.-92 किला नं.-4(7-11) 5(7-11) 7/1/2(4-4) खसरा नं.-507(1-1) 713 (0-2) व खतौनी नं.-263 मुरब्बा नं.-91 किला नं.-1 (7-12) 9/2(3-12) 10(7-12) मुरब्बा नं.-92 किला नं.-6/1(0-8) 7/1/1 (0-9) जमाबन्दी वर्ष 2023-24 वाक्या गांव दड़बी, तहसील व जिला सिरसा। शाहदत जुबानी व तहरीरी हर प्रकार के आधार पर।
**नोटिस बजरिया अखबार इश्तेहार**
अदालत के आदेशानुसार प्रतिवादी 1. जगमाल पुत्र श्री दाना राम पुत्र बसती, 3. मनीराम पुत्र दाना राम पुत्र बसती, 4. संजना, 5. जयकौरी पुत्रियान दाना राम पुत्र बसती निवासीगण गांव दड़बी तहसील व जिला सिरसा को दिनांक 10.07.2026 को समय सुबह 9 बजे न्यायालय में पेश होने की सूचना दी जाती है। अगर दिनांक 10.07.2026 को उपरोक्त प्रतिवादीगण अदालत में पेश नहीं हुए तो उनके खिलाफ एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
हस्ता/- सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, सिरसा।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Ms. Indu Bala, Additional Civil Judge (Senior Division), Yamuna Nagar at Jagadhri
BANK OF INDIA
Vs.
POOJA SHARMA
SUIT FOR RECOVERY
CNR No. HRYN02-002094-2025
Next Date:- 07-08-2026
PUBLICATION ISSUED TO:
1. POOJA SHARMA C/O DEEPAK DHIMAN PROP M/S TOMATINOS FAST FOOD R/O H.NO C2/20 YAMUNA VIHAR COLONY JAGADHRI TEHSIL JAGADHRI DISTT YNR 2. M/S TOMATINOS FAST FOOD, 67-A FIRST FLOOR MELA SINGH CHOWK, MODEL TOWM, YAMUNA NAGAR THROUGH ITS PROP POOJA SHARMA
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered the defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 07-08-2026 at 10:0 a.m.
For details logon to https://highcourt.chd.gov.in/?mod=district notice&district=Yamunanagar
Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Yamuna Nagar at Jagadhri
Dated, this day of 03.07.2026

# एआई का उपयोग करने वाले डॉक्टर भविष्य का नेतृत्व करेंगे : डॉ. रेड्डी

**हैदराबाद।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आने वाले वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, किफायती और प्रभावी बनाने के साथ चिकित्सा अनुसंधान एवं रोगी देखभाल में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। यह विचार एआईजी हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. डी. नागेश्वर रेड्डी ने आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन के 16वें स्थापना दिवस व्याख्यान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड द फ्यूचर ऑफ हेल्थकेयर विषय पर बोलते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विज्ञान हमेशा मानवीय संवेदनशीलता और प्राकृतिक बुद्धिमत्ता का समन्वय रहा है। इसलिए एआई को डॉक्टरों का विकल्प नहीं, बल्कि उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने वाले सहयोगी के रूप में देखा जाना चाहिए। आधुनिक चिकित्सा में निदान, उपचार, चिकित्सा शिक्षा और रोगी देखभाल के लिए मल्टीमॉडल एआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। डॉ. रेड्डी ने कहा कि एआई दवा खोज, रेडियोलॉजी, टेलीमेडिसिन, प्रिसिजन मेडिसिन, जीनोमिक्स, कैंसर की प्रारंभिक पहचान, त्वचा रोगों के निदान तथा दूरस्थ रोगी



निगरानी जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बदलाव ला रहा है। उन्होंने बताया कि एआई ने नई दवाओं के विकास की प्रक्रिया को दशकों से घटाकर लगभग दो वर्षों तक सीमित कर दिया है और आने वाला दशक फार्मास्युटिकल अनुसंधान के लिए परिवर्तनकारी साबित होगा। डॉक्टरों के बीच एआई को लेकर व्याप्त आशंकाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि एआई डॉक्टरों की जगह नहीं लेगा, लेकिन जो डॉक्टर एआई का उपयोग करना जानते हैं, वे उन डॉक्टरों से आगे निकल जाएंगे जो इसका उपयोग नहीं करते। एआई स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और दक्षता दोनों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सक्षम है।

### पूर्व रेलवे ने "ईस्टर्न रेलवे इज़ वॉचिंग यू" अभियान का भव्य शुभारंभ किया



**हावड़ा।** स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूर्व रेलवे ने आज हावड़ा रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक भव्य समारोह में अपने व्यापक स्वच्छता जागरूकता अभियान के दूसरे चरण "ईस्टर्न रेलवे इज वॉचिंग यू" का औपचारिक शुभारंभ किया। यह अभियान इस वर्ष अप्रैल में प्रारंभ किया गया था और आज का यह कार्यक्रम पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक श्री मिलिंद देऊस्कर के गतिशील नेतृत्व में अभियान के नए चरण की शुरुआत का प्रतीक है। इस चरण में रेलवे परिसरों में गंदगी फैलाने और थूकने के विरुद्ध जीरो शून्य सहिष्णुता नीति अपनाई गई है। इस अभियान का मूल संदेश है कि रेलवे परिसर की स्वच्छता बनाए रखने के लिए पूर्व रेलवे हर समय सतर्क है और परिसर की निरंतर निगरानी की जा रही है। क्लोज्ड सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) कैमरों के व्यापक नेटवर्क तथा रेलवे कर्मचारियों की सक्रिय निगरानी के माध्यम से यात्रियों की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। यदि कोई व्यक्ति गंदगी फैलाते या थूकते हुए पाया जाता है, तो उस पर तत्काल मौके पर ही जुर्माना लगाया जाएगा।जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूर्व रेलवे ने एक अभिनव पहल भी शुरू की है। यदि कोई रेल यात्री किसी व्यक्ति को गंदगी फैलाते या थूकते हुए देखता है, तो वह उसकी तस्वीर लेकर स्थान का विवरण सहित व्हाट्सऐप नंबर 9002022780 पर भेज सकता है। इसके आधार पर पूर्व रेलवे संबंधित व्यक्ति की पहचान कर उस पर मौके पर ही जुर्माना लगाएगा।

**MODERN COLLEGE OF EDUCATION**
CHAMDHERA ROAD, MAHENDERGARH (HR)
(Approved By NCTE & Affiliated to CRSU, Jind)
**Requires Following Staff for B.Ed Course**
- **Principal-01,** Assistant Professor, Perspectives in Education-04.
- **Pedagogy of English-01,** Mathematics-01, Economics-01, Commerce-01. Physical Sci.-01, Biological Sci-01, Hindi-01.
- **Social Sci. -01,** Health & Physical Education-01, Sanskrit-01. Find Arts-01, Music-01, Non- Teaching Librarian -01.
- **Operator-02,** Store Keeper 01, Peon-02.
- **Librarian Assistant-01,** Lab. Attendant-04, Office- Clerk-Cum-Computer

Educational qualification and pay scale will be as per NCTE/ State Govt/CRSU Jind norms
Eligible Candidates can apply through Regd Post/E-egd. Postik-mall by hand to college & same to Dean of Colleges CRSU, Jind within 21 days
Mob.: 9416089674, 9416320218
Email- moderncollege1212@gmail.com CHAIRMAN

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6277




**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

### शब्द पहेली- 6276 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सो | नि | या | गां | धी | | म | हा | न | ता |
| खा | ना | | प | | र | क्ष | क | | म | ल |
| ना | | म | न | सि | ज | | र | ग | | मे |
| ब | ला | त | | | वा | दा | | म | ह | ल |
| दो | | दा | | क | ला | | आ | | व | |
| श | य | न | क | क्ष | | दि | शा | ही | न | ता |
| | म | | प | | ह | ल | | न | | क |
| का | ज | ल | | शा | म | | | त | ह | त |
| म | | त | य | | व | फा | दा | र | | व |
| चो | र | | की | म | त | | म | | का | र |
| र | म | जा | न | | न | य | न | ज | ल | |



# गुजरात-मुम्बई में तेज बारिश के बाद आई बाढ़, 19 लोगों का किया रेस्क्यू

## मौसम विभाग ने कई राज्यों में अलर्ट जारी किया
## महाराष्ट्र के भिवंडी में 3 फीट पानी भरा, दुकानें बंद

एजेंसी ▶▶ मुम्बई/जूनागढ़

मानसून देश के सभी राज्यों में पहुंच चुका है। गुजरात और महाराष्ट्र शुक्रवार रात और शनिवार सुबह तेज बारिश से बाढ़ आ गई है। गुजरात में जूनागढ़ के मेंडरडा इलाके में समधियाला गांव के पास बाढ़ के पानी में चार गाड़ियां फंस गईं। जिसमें से 19 लोगों का रेस्क्यू किया गया। उधर, महाराष्ट्र के भिवंडी में बाजार में करीब 3 फीट तक पानी भर गया। दुकानें बंद हो गईं। लोग कमर तक डूबकर सड़क पार कर रहे हैं। मौसम विज्ञान विभाग द्वारा अत्यधिक भारी बारिश का 'रेड अलर्ट' के बाद बीएमसी ने शनिवार को महानगर के सभी विद्यालयों महाविद्यालयों में दोपहर की पाली के लिए अवकाश घोषित कर दिया। दिल्ली के कई इलाकों में शनिवार को बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने हल्की से मध्यम बारिश के साथ-साथ आंधी-तूफान और बिजली गिरने की संभावना को देखते हुए 'यलो अलर्ट' जारी किया है।



### ठाणे-पालघर में पेड़ भी गिरे

महाराष्ट्र के पड़ोसी जिलों ठाणे और पालघर शनिवार को जोरदार बारिश हुई। इससे निचले इलाकों में पानी भर गया और कई जगहों पर पेड़ गिर गए।आम जिंदगी और ट्रैफिक पर भी असर पड़ा। ठाणे शहर में सुबह 8.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे के बीच 65.79 मिमी बारिश दर्ज की गई। पालघर जिले में 97.70 मिमी बारिश हुई। ठाणे में कल्याण, भिवंडी, नवी मुंबई और बदलापुर के कई निचले इलाकों में पानी भर गया। नवी मुंबई के वाशी में पेड़ गिरने से एक कार को नुकसान पहुंचा।

### मंदाकिनी का जलस्तर बढ़ा

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग स्थित केदारघाटी में मंदाकिनी नदी का जलस्तर बढ़ने से जेसीबी और उसके दो कर्मचारी नदी के तेज बहाव में फंस गए। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ और जल पुलिस की टीम ने तत्काल बचाव अभियान चलाकर चालक और उसके सहयोगी को सुरक्षित बाहर निकाला। लगातार बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इस भारी बारिश के कारण कुछ इलाकों में पानी भरने से सड़कें बंद हो गईं, कई घरों को नुकसान पहुंचा।



### सौराष्ट्र-कच्छ में मॉनसून सक्रिय

गुजरात और सौराष्ट्र-कच्छ में मॉनसून सक्रिय रहा। पिछले 24 घंटों में सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र के जिलों, खासकर जूनागढ़ जिले में कुछ जगहों पर बहुत ज़्यादा बारिश हुई। रविवार सुबह 8.30 बजे से सूरत, तापी, डांग, नवसारी, वलसाड और दमन, दादरा और नगर हवेली; और सौराष्ट्र के जिलों - भावनगर, अमरेली, गिर सोमनाथ और दीव में भारी से बहुत भारी बारिश और कुछ जगहों पर बहुत ज़्यादा बारिश होने की संभावना है।

## लुधियानाः होटल में बॉयफ्रेंड ने गर्लफ्रेंड को गोली मारी फिर खुद को भी शूट किया



दो बच्चों की मां थी महिला

प्रेमी का भी एक बच्चा था

महिला शादी का दबाव बना रही थी

**खन्ना।** लुधियाना के खन्ना में बुधवार शाम एक नामी होटल के कमरे में युवक के साथ महिला की खून से लथपथ लाश मिली। दोनों के सिर में गोली लगी थी और मौके से एक पिस्तौल भी मिली। दोनों तड़के ही होटल पहुंचे थे और रूम बुक किया था। काफी देर तक कमरे से कोई हलचल नहीं होने पर होटल स्टाफ ने दरवाजा खोलने की कोशिश की। दरवाजा नहीं खुलने पर उसे तोड़ा गया, जिसके बाद अंदर दोनों के शव पड़े मिले। पुलिस की शुरुआती जांच के अनुसार, महिला और युवक दोनों शादीशुदा थे। महिला के दो बच्चे हैं। जबकि युवक का भी एक बच्चा है। दोनों दूर के रिश्तेदार भी हैं। दोनों के अवैध संबंध बताए जा रहे हैं। महिला घर की दीवार फांदकर युवक के साथ आई थी।

### हरप्रीत कर रही थी शादी की जिद

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि हरप्रीत लगातार मनजीत पर शादी करने का दबाव बना रही थी, लेकिन मनजीत बार-बार अपने और हरप्रीत के शादीशुदा होने और बच्चों की दुहाई देता था। इसी बीच, दोनों के इस अवैध प्रेम संबंध की भनक उनके परिजनों को लग गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## पंजाब में जीजा को जिंदा जलाया. वीडियो वायरल

बीवी को मनाने अमृतसर से तरनतारन आया था



**तरनतारन।** पंजाब के तरनतारन में पत्नी को मायके से ससुराल ले जाने आए पति को उसके ही साले ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इसमें व्यक्ति की मौत हो गई। उसे बचाने आई भाभी भी आग की चपेट में आई, जिससे उसकी भी जान चली गई।

इतना ही नहीं, इन दोनों को आग के हवाले करने वाला साला भी चपेट में आ गया, जिससे वह भी बुरी तरह झुलस गया। हालांकि, मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचा लिया। यह दुर्घटना तो पिछले महीने की है, लेकिन पूरे अग्निकांड का अब सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इस सीसीटीवी में व्यक्ति के साथ कहासुनी, हाथापाई होती दिख रही है। आग लगने पर पीड़ित इधर-उधर भागते दिख रहे हैं।

### 13 जून की वारदात

पुलिस के अनुसार, यह मामला तरनतारन के गांव संघा का है। यह वारदात 13 जून को हुई। मृतक की पहचान अमृतसर के गांव लोपोके के निवासी लवप्रीत सिंह के रूप में हुई है। 13 जून को वह अपनी पत्नी संदीप कौर को मनाकर ससुराल लाने के लिए उसके मायके गांव संघा पहुंचा था। इनकी 9 महीने पहले शादी हुई थी। कुछ दिन बाद ही झगड़ के बाद पत्नी मायके चली आई थी और यहीं रह रही थी। ससुराल पहुंचने पर लवप्रीत सिंह की उसके ससुराल वालों से बहस हुई। पड़ोसी भी मौके पर जमा हो गए। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और लवप्रीत का साला साजन सिंह पेट्रोल की बोतल उठा लाया। उसने वह बोतल जीजा पर उड़ेल दी।

### बंगाल में सियासी उलट फेर जारी

## अब टीएमसी की कमान ममता खुद ही संभालेंगी

कोलकाता। बंगाल में मई 2026 में हुए चुनाव के नतीजों और सत्ता गंवाने के बाद से ही तृणमूल के भीतर छिड़ा अंदरूनी घमासान चरम पर पहुंच गया है। शनिवार को कोलकाता में



टीएमसी की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता बनर्जी ने एक ऐसा चौंकाने वाला और गजब का ऐलान कर दिया, जिसने सूबे की पूरी सियासत को हिलाकर रख दिया है। ममता ने साफ शब्दों में घोषणा की है कि अध्यक्ष होने के नाते वे आज से खुद बंगाल राज्य टीएमसी अध्यक्ष का पदभार भी संभालेंगी।

### चंद्रिमा ने दिया बंगाल प्रमुख पद से इस्तीफा

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के ममता बनर्जी गुट को एक और झटका उस समय लगा, जब पार्टी की बंगाल



प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिमा भट्टाचार्य ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। विधानसभा चुनाव में हार के बाद भट्टाचार्य को संगठन की जिम्मेदारी सौंपे जाने के बमुश्किल एक महीने बाद ही उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया।

### महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फैसला

## स्कूलों के 500 मीटर दायरे में नहीं बिकेगा एनर्जी ड्रिंक्स

एजेंसी ▶▶ मुम्बई

महाराष्ट्र सरकार ने बच्चों और किशोरों की सेहत को ध्यान में रखते हुए बड़ा फैसला लिया है. राज्य सरकार ने स्कूलों के 500 मीटर के दायरे में स्टिंग जैसे हाई-कैफीन एनर्जी ड्रिंक्स की बिक्री पर रोक लगाने की घोषणा की है। सरकार का मानना है कि इन पेयों का बढ़ता सेवन छात्रों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डाल सकता है। यह मामला राज्य विधानसभा में भाजपा विधायक विक्रम पचपुते ने उठाया था। उन्होंने कहा कि हाई-कैफीन एनर्जी ड्रिंक्स स्कूलों के



### राज्य विधानसभा में उठा था मुद्दा
### अत्यधिक सेवन से बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ता बुरा असर

बाहर आसानी से उपलब्ध हैं और बड़ी संख्या में बच्चे इनका सेवन कर रहे हैं। उनका तर्क था कि इन उत्पादों की पैकेजिंग पर भी लिखा होता है कि ये बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए उपयुक्त नहीं हैं।

## कांगड़ा के घेली गांव में मां-बेटी की संदिग्ध मौत, बेटा गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के जवाली उपमंडल की धेवा पंचायत में एक ही परिवार की मां और बेटी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वहीं परिवार के किशोर बेटे को तबीयत बिगड़ने और उल्टियों की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम और फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मृतकों की पहचान शकुंतला देवी (40) पत्नी बुद्धि सिंह और उनकी 12 वर्षीय बेटी प्रिया के रूप में हुई है। पुत्र लेख राज (14) की तबीयत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही एसपी नूरपुर इल्मा अफरोज, डीएसपी जवाली वीरी सिंह, पुलिस टीम, पंचायत प्रधान रविंद्र सिंह और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे।

**पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी, नमूने एकत्र**

### मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन पर खुशखबर

## रेलमंत्री बोले-80 फीसदी काम पूरा, अगले साल से सफर करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


भारत को अपनी पहली बुलेट ट्रेन की सौगात मिलने वाली है। अगले साल अगस्त तक



मुंबई अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर पर पहली ट्रेन शुरू हो जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को ऐलान किया है कि बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का पहला सेक्शन 2027 में तैयार हो जाएगा। उन्होंने बताया कि मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का निर्माण कार्य 80 फीसदी पूरा हो चुका है।

### चरणों में शुरू होगा पूरा बुलेट ट्रेन कॉरिडोर

वैष्णव ने बताया कि प्रोजेक्ट का काम बहुत तेजी से चल रहा है। अगले साल सूरत से बिलिमोरा तक का पहला सेक्शन चालू हो जाएगा, इसके बाद वापी से सूरत वाला सेक्शन शुरू होगा. फिर वापी से अहमदाबाद वाला सेक्शन पूरा किया जाएगा।



**अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में चढ़ावा चोरी प्रकरण आजकल काफी चर्चा में है। इससे करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, विश्वास और श्रद्धा पर गहरी चोट पहुंची है। सवाल उठता है कि इस मामले में कहां चूक हुई और क्या किया जाना चाहिए था, जिसका पालन नहीं हो पाया? आखिर प्रबंधन को लेकर ऐसी क्या व्यवस्था बनाई जाए, जिससे मंदिरों के कामकाज में पारदर्शिता आए, जबकि भारत के अनेक प्रमुख मंदिरों खास तौर पर दक्षिण के प्रबंधन इतने अच्छे हैं कि उनमें ज्यादा परिवर्तन या हस्तक्षेप की आवश्यकता ही नहीं है। आज भी वहां समितियों की बैठकें होती हैं और उनके अनुसार निर्णय भी होते हैं। उनकी प्रबंधन समितियां बड़े स्तर पर श्रद्धालुओं और दान का प्रबंधन करती हैं। उत्तर भारत के मंदिर इनसे क्या सबक ले सकते हैं? सभी बड़े धार्मिक संस्थान में दान प्रबंधन को लेकर समय-समय सार्वजनिक जानकारी, नियमित ऑडिट और पारदर्शी वित्तीय रिपोर्टिंग से भ्रम की स्थिति को कम किया जा सकता है। हालांकि राम मन्दिर चन्दा मामले की जांच संबंधित राज्य सरकार द्वारा करवाई जा रही है। दूसरी ओर, क्या राममंदिर चढ़ावा चोरी विवाद भारतीय जनता पार्टी को राजनीतिक रूप से प्रभावित करेगा। यदि हां तो कितना और नहीं तो क्यों नहीं? *इन्हीं मुद्दों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...***

# सरकारी व्यवस्था से परे हो मंदिर प्रबंधन



**विश्लेषण**

अवधेश कुमार

वरिष्ठ स्तंभकार

**काफी समय से मंदिरों के प्रबंधन को लेकर देश में लगातार बहस और विमर्श चल रहा है। मंदिरों से सरकारी नियंत्रण हटाने को लेकर उच्चतम न्यायालय में याचिका भी पड़ी हुई है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान चोरी के बाद इस विषय को एक बहुत बड़े वर्ग ने नए सिरे से गर्म करने की कोशिश की है। इनमें नेताओं, निहित स्वार्थी तत्वों, मंदिरों के महत्व से अनभिज्ञों आदि की बड़ी संख्या शामिल है। हालांकि संपूर्ण इतिहास में किसी धार्मिक स्थल की कोई भी व्यवस्था शत- प्रतिशत बेईमानी, पाप, भ्रष्टाचार को रोकने में सफल हुई हो इसके उदाहरण न के बराबर हैं। प्रश्न यही है कि आखिर श्रेष्ठतम व्यवस्था क्या हो सकती है? मंदिरों के आविर्भाव के साथ भारत में इसकी स्थापित परंपराएं हैं।**

पिछले काफी समय से मंदिरों के प्रबंधन को लेकर देश में लगातार बहस और विमर्श चल रहा है। मंदिरों से सरकारी नियंत्रण हटाने को लेकर उच्चतम न्यायालय में याचिका भी पड़ी हुई है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान चोरी के बाद इस विषय को एक बहुत बड़े वर्ग ने नए सिरे से गर्म करने की कोशिश की है। इनमें नेताओं, निहित स्वार्थी तत्वों, मंदिरों के महत्व से अनभिज्ञों आदि की बड़ी संख्या शामिल है। हालांकि संपूर्ण इतिहास में किसी धार्मिक स्थल की कोई भी व्यवस्था शत- प्रतिशत बेईमानी, पाप, भ्रष्टाचार को रोकने में सफल हुई हो, इसके उदाहरण न के बराबर हैं। हां, ऐसा करने वालों को दंड, पाप मोचन तथा सुधार की व्यवस्था सतत् रही है।

इसके बावजूद हमारे मंदिर हर दृष्टि से धार्मिक मान्यताओं और हमारी आस्थाओं के अनुरूप पावन पुण्य स्थल बन रहें, श्रद्धालुओं के मन में वहां से जीवन में शुचिता, नैतिकता, सेवा, दान व ईमानदारी की प्रेरणा मिले इसके लिए मनुष्य के रूप में जितना संभव है, श्रेष्ठतम व्यवस्था होनी चाहिए। प्रश्न यही है कि आखिर श्रेष्ठतम व्यवस्था क्या हो सकती है? मंदिरों के आविर्भाव के साथ भारत में इसकी स्थापित परंपराएं हैं। सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि हमारे मंदिर केवल कर्मकांड, पूजा- पाठ व दर्शन के केंद्र नहीं थे। मंदिरों की भूमिका समाज के मुख्य शक्ति केंद्र के रूप में भी थी। आज भी प्रमुख मंदिरों द्वारा शिक्षालय, अस्पताल, औषधालय,योग आश्रम, विचार प्रसार केंद्र, पुस्तकालय, वाचनालय, प्रकाशन, मुफ्त भोजनालय, समाज के निर्धन निराश्रित लोगों की सहायता सेवा आदि संचालित होते हैं।

यह उसी परंपरा का अंग है। ज्यादातर मंदिर ऐसा करते हुए प्रचार-प्रसार में नहीं पड़ते ते इसलिए दुनिया में ईसाई मिशनरियों ने ही यह भाव फैलाया है कि दान, गरीबों की सेवा, मनुष्य को शिक्षित करने की भूमिका केवल वही निभाते हैं। यह सरासर झूठ है। साफ है कि अगर मंदिरों के प्रबंधन की बात करें तो उसके पूरे व्यापक आयाम को ध्यान में रखकर ही आप किसी निष्कर्ष पर पहुंच सकते हैं।



## संपूर्ण देश के लिए एक संरचना उपयुक्त नहीं

वस्तुतः मंदिरों को सरकारी व्यवस्था, ट्रस्ट तंत्र के हवाले करना सच कहें तो धार्मिक विधान के ही विपरीत है और उससे उसकी मूल स्वायत्तता दुष्प्रभावित हो जाती है। झूठे वही खाता बनाने पड़ते हैं। दूसरे, संपूर्ण देश के लिए कोई एक संरचना उपयुक्त नहीं हो सकती।

यह भी ध्यान रखिए कि भारत के अनेक प्रमुख मंदिरों के प्रबंधन इतने अच्छे हैं कि उनमें ज्यादा परिवर्तन या हस्तक्षेप की आवश्यकता ही नहीं है। आज भी समितियों की बैठकें होती हैं और उनके अनुसार निर्णय भी होते हैं। मूल बात हिंदू समाज के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की है जो आगे बढ़ रही है। अच्छा हो कि धर्म तंत्र, धार्मिक विशेषज्ञ, समाज क्षेत्र में इसके अन्य ज्ञाता, आस्थावान इतिहासकार सब मिलकर धार्मिक विघ्नों एवं परंपराओं के आरोप स्थानीय स्थान पर व्यवस्था बनाएं। मंदिरों के महत्व, उनकी व्यवस्था को न जानने वाले निहित स्वार्थी तत्वों के हल्ला बोल में पड़ने की आवश्यकता नहीं।

## समाज और सत्ता का समन्वय

राजा या वैभवशाली, संपन्नशाली लोग मंदिर अवश्य बनवाते थे और प्रबंधन में उनकी भूमिका भी होती थी, पर संपूर्ण निजी मंदिरों को छोड़कर नियंत्रण जैसी स्थिति नहीं रही। उसके संपूर्ण विधि विधान ही नहीं, प्रबंधन की विधियां भी धर्म क्षेत्र - द्वारा ही निर्धारित होती थी। मंदिर के प्रबंध का सूत्र समाज क्षेत्र और सत्ता तंत्र के समन्वय से होता था। दक्षिण में आगमों के द्वारा मंदिर के पूजा विधान तय होते थे। समाज की समितियां कई बार जिसे सभा - महासभा कहते थे जिनमें विद्वान बुजुर्ग आदि होते थे, प्रतिदिन की व्यवस्था संभालते थे। आज भी हम दक्षिण के कुछ मंदिरों के अंदर धन देख, सुनकर चकित होते हैं और कई प्राचीन राज परिवार अभी भी मंदिरों की प्रमुख भूमिका में हैं। पर उनका नियंत्रण नहीं है। भाव यही है कि हम केवल उस धन के न्यासी हैं, उनमें से रति भर भी स्वयं के लिए उपयोग करने का अधिकार हमें नहीं है।

## चैरिटेबल सोसायटी एक्ट

यह भी समझने की आवश्यकता है कि भारत में विविधताओं के बीच मूल भाव एक ही रहा है किंतु स्थानीय प्रकृति , परंपरा, रीति - रिवाज , धार्मिक आस्थाएं, ज्ञान आदि के अनुसार ही मंदिरों के प्रबंधन होते थे। हजार वर्षों के आक्रमणों, परकीय शासनों के कारण समस्याएं पैदा हुई और स्वतंत्रता के बावजूद जीवन का मूल होते हुए भी समाज की प्राथमिकता में नहीं रहा। बावजूद आज भी प्रमुख मंदिरों की व्यवस्था अपनी स्थापित परंपरा के अनुसार अभी भी काफी हद तक उपयुक्त और प्रेरणादायी हैं। दरअसल, अंग्रेजों ने भारत को हर दृष्टि से गुलाम करने के लिए 1860 में चैरिटेबल सोसायटी एक्ट बनाया तथा सभी के लिए इस कानून के तहत निबंधन अनिवार्य किया। इस एक कानून ने पूरे भारत में मंदिरों से लेकर सेवा परंपराओं सहित दान शालाओं, शिक्षा शालाओं की प्रकृति को ही विकृत कर दिया। आज भी ऐसे सरकारी विभागों की दशा कैसी है, वे कैसा व्यवहार करते हैं यह अनुभव दिल दहलाने वाला है।

## व्यवस्था में भ्रष्टाचार का दलदल

कम से कम इस तरह के प्रबंधन से मंदिरों की स्वतः स्फूर्त सुधार व्यवस्था के साथ-साथ पूरा कर्मकांड तक दुष्प्रभावित होता है। राज्यों के धार्मिक न्यास बोर्डों के हस्तक्षेप के कारण धार्मिक, सत्यनिष्ठ, नैतिक लोगों के लिए भी मंदिर का संचालन कठिन हो जाता है। मंदिरों में तात्कालिक कई खर्च ऐसे होते हैं जो दे दिए पर उनका हिसाब-किताब रखना कठिन होता है। कई बार कुछ निर्माण होते हैं जिनके सम्पूर्ण व्यय को लिखना लगभग असंभव होता है।

न्यास बोर्डों को उनके फॉर्मेट के अनुरूप के साथ हिसाब - किताब चाहिए होता है। इनको पुजारी की नियुक्ति से लेकर प्रबंधन तक में हस्तक्षेप का अधिकार कई राज्यों में है। इस कारण पूरी व्यवस्था भ्रष्टाचार के दलदल में फंस गई। हिंदू समाज के पतन के कारण गांवों व शहरों के बड़ी संख्या में मंदिरों की संपत्तियों पर स्थानीय लोगों, बाहुबलियों और प्रभावी लोगों का कब्जा हो गया है और मंदिर पतन की अवस्था में हैं।

# निगरानी, जवाबदेही और पूर्ण पारदर्शिता जरूरी



**व्यवस्था**

सुशील देव

स्वतंत्र पत्रकार

सनातन संस्कृति में कोई भी मंदिर लोगों की आस्था, विश्वास और श्रद्धा का प्रतीक होता है। मगर जब मंदिरों की कुव्यवस्था को लेकर स्वर उठने लगते हैं तो आस्था, विश्वास और श्रद्धा पर गहरी चोट पहुंचती है। अयोध्या के राम मंदिर में यही हुआ है। दान की चोरी का मामला बेहद निंदनीय है। करोड़ों लोगों की आस्था, लंबे संघर्ष और सामाजिक-राजनीतिक संघर्ष के बाद यह मंदिर दोबारा अस्तित्व में आया था। यह मंदिर केवल धर्म-अध्यात्म का केंद्र ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। इसलिए दान में चोरी का मामला वित्तीय अनियमितता से ज्यादा गंभीर है। अयोध्या का राम मंदिर मामला इन दिनों सुर्खियों में है। हर कोई इस घटना की निंदा कर रहा है। अपनी चिंताएं व्यक्त कर रहा है। चढ़ावे या चंदे की लूट की चर्चा धर्मानुरागियों को आहत कर रहा है। इस मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि इसके दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। यह एक असाधारण और अति निंदनीय घटना है, जिसमें माफी की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मंदिर प्रबंधन और सरकार से इस मामले में सख्त कार्रवाई करने की अपील भी की। इससे राम भक्तों की भावनाएं आहत हुईं हैं। पूछताछ और जांच की कार्रवाई चल रही है। राम मंदिर में चढ़ावा की जांच कर रही एसआईटी टीम ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पिछले पांच सालों के खातों को फिर से आडिट करेगा, क्योंकि शुरूआती जांच में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं के संकेत मिले हैं। देश में ऐसे कई मंदिर हैं जो कई बार चढ़ावे या चंदा गबन के कारण चर्चा में रहे हैं। ऐसे में न केवल उन मंदिरों के प्रबंधन को भी चुस्त—दुरूस्त रहना चाहिए, बल्कि स्थानीय प्रशासन और सरकार को निगरानी बढ़ाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी 2024 को अयोध्या के राम मंदिर का उद्घाटन किया था। तभी से मंदिर में बड़ी मात्रा में चढ़ावा आ रहा है। साल 2024-25 में मंदिर ट्रस्ट ने कुल 327 करोड़ रुपए की आमदनी बताई थी, जिसमें 153 करोड़ चढ़ावे के रूप में मिली थीं। सब कुछ ठीक चल रहा था लेकिन 7 जून 2026 को समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक पवन पांडेय ने आरोप लगाया कि राम मंदिर के दान पात्रों से लगभग 7 करोड़ से ज्यादा रुपए का गबन हुआ है। इन आरोपों से पूरी अयोध्या में राजनीतिक भूचाल आ गया। इसके बाद भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा और कथित चंदा चोरी मामले की सीबीआई जांच की मांग की। तुरंत बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस कथित चंदा चोरी जांच के लिए तीन सदस्यों वाली एसआईटी का गठन कर दिया। एसआईटी ने कैश हैंडलिंग प्रक्रिया और डोनेशन बॉक्स की जांच की, सीसीटीवी फुटेज खंगाला और वहां के कर्मचारियों से बात की तो कई विरोधाभास नजर आया। एसआईटी की शुरुआती रिपोर्ट के बाद राज्य सरकार ने सख्ती दिखाई। नतीजतन, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने कुछ कर्मचारियों सहित आठ संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इसी कारण ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को भी अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। पूरी कहानी से यह स्पष्ट होता है कि इस प्रसिद्ध मंदिर में आस्था, विश्वास और श्रद्धा का जो सैलाब उमड़ा, उनसे जो चढ़ावा मिला, उसे मंदिर ट्रस्ट सही रूप से व्यवस्थित रखने में नाकाम साबित हुआ। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि मंदिर ट्रस्ट को मई अंतिम सप्ताह में ही कथित चंदा चोरी की भनक लगी थी, जब बैंकों में जमा हो रही रकम और दान पेटियों में कम चढ़ावा मिलने का शक हुआ था। उसके बाद वहां हिडन कैमरे लगा दिए थे और चौकसी बढ़ा दी गई थी। बावजूद इसके, कुछ लोभी प्रवृत्ति के लोगों ने इस घोटाले को अंजाम दिया। यह घोटाला अब सरकार और जनता की अदालत से आगे कानून की अदालत तक पहुंच चुका है। इस मामले में चाक-चौबंद व्यवस्था होती तो शायद यह दिन नहीं देखना पड़ता। राम मंदिर में अब तक जो भी दान प्राप्त हुआ, वह करोड़ों लोगों की आस्था की अमानत है।

**धार्मिक संस्थान में दान प्रबंधन को लेकर समय-समय सार्वजनिक जानकारी, नियमित ऑडिट और पारदर्शी वित्तीय रिपोर्टिंग से भ्रम की स्थिति को कम किया जा सकता है। सनद रहे कि मंदिर चढ़ावा विवाद का असर बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर पर भी पड़ा है।**

दान राशि के प्रबंधन में पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है। श्रद्धालुओं को नियमित रूप से यह जानकारी मिलनी चाहिए कि कितनी राशि प्राप्त हुई और उसका उपयोग किन कार्यों में किया जा रहा है। इसके लिए स्वतंत्र ऑडिट, वार्षिक वित्तीय रिपोर्ट, सार्वजनिक आय-व्यय विवरण और डिजिटल दान प्रणाली को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। किसी भी धार्मिक संस्था की सबसे बड़ी पूंजी लोगों का विश्वास होता है और यह विश्वास पारदर्शिता एवं नियमित संवाद से ही मजबूत होता है। हालांकि राम मंदिर ट्रस्ट ने दलील दी है कि तमाम आरोप निराधार हैं। मंदिर निर्माण और दान राशि का पूरा लेखा-जोखा निर्धारित प्रक्रियाओं के आधार पर रखा जा रहा है। अब तक सभी वित्तीय लेनदेन कानूनी प्रक्रिया और दस्तावेजों के आधार पर किए गए हैं। जबकि विपक्षी दलों और कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा दान राशि और भूमि खरीद से जुड़े कुछ मामलों पर पारदर्शिता बढ़ाने तथा स्वतंत्र जांच की लगातार मांग की जा रही है। सभी बड़े धार्मिक संस्थान में दान प्रबंधन को लेकर समय-समय सार्वजनिक जानकारी, नियमित ऑडिट और पारदर्शी वित्तीय रिपोर्टिंग से भ्रम की स्थिति को कम किया जा सकता है। सनद रहे कि मंदिर चढ़ावा विवाद का असर बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर पर भी पड़ा है।

# लोकहित में व्यय की जाए दान की रकम



**मंथन**

उमेश चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

अयोध्या के श्रीरामलला मंदिर के चढ़ावे की चोरी के खुलासे के बाद दक्षिण भारत के मंदिरों के प्रबंधन की ओर ध्यान जाना स्वाभाविक है। समाज के एक वर्ग की ओर से उत्तर भारत के मंदिरों को भी सबक लेने और उनकी ही तर्ज पर प्रबंधन चलाने की मांग उठ रही है। इसकी वजह यह है कि दक्षिण भारत के बड़े मंदिरों, तिरूपति, अयप्पा, सबरीमाला, मीनांबकम् आदि के चढ़ावे की हेराफेरी की कोई जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। यह नहीं भूलना चाहिए कि श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की गिनती और उसे उचित बैंक तक पहुंचाने का भी तकरीबन वैसा ही इंतजाम किया गया है, जैसा शिरड़ी के साईं मंदिर या दक्षिण भारत के मंदिरों में किया गया है। असल समस्या मंदिर प्रबंधन में तैनात कर्मचारियों के चरित्र की है।

अगर कर्मचारी और अधिकारी ईमानदार होंगे तो फिर कड़ी व्यवस्था की जरूरत नहीं रह जाती। जहां तक दक्षिण भारत के मंदिरों के प्रबंधन की बात है तो वहां के मंदिरों का प्रबंधन मोटे तौर पर संबंधित राज्य के कानून के जरिए बनाए गए हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती बोर्ड करते हैं। हालांकि कुछ मंदिरों का प्रबंधन और संचालन उत्तर भारत के मठों की तरह वंशानुगत महंतों और ट्रस्टियों द्वारा भी किया जाता है। राज्य सरकार द्वारा गठित बोर्ड मंदिर की आय, दान, पुजारियों की नियुक्ति और प्रशासनिक व्यवस्था संभालते हैं। मोटे तौर पर यह व्यवस्था तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल और तेलंगाना के ज्यादातर बड़े मंदिरों में लागू है। इसके तहत सरकार की ओर से मंदिर के लिए एक आयुक्त और कार्यकारी अधिकारी नियुक्त होता है, जो मंदिर के रोजाना का प्रशासन, सुरक्षा और कर्मचारी आदि की व्यवस्था देखते हैं। सरकार की ओर से नियुक्त बोर्ड में स्थानीय प्रतिष्ठित लोगों, विद्वानों और सरकारी प्रतिनिधि शामिल होते हैं। बोर्ड प्रबंधन मंदिरों के चढ़ावे पर कड़ी निगरानी रखते हैं। इसके लिए विशेष तौर पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। वहां सुरक्षा बलों की भी तैनाती है। चढ़ावे से प्राप्त रकम के आय-व्यय का लेखा-जोखा राज्य सरकार हर साल कर करती है। केरल के प्रसिद्ध पद्मनाभस्वामी मंदिर और कर्नाटक के उडुपी के मठ का प्रबंधन वहां के पारंपरिक शाही परिवार या उत्तर भारत की तरह वंशानुगत मठ के महंत के जरिए होता है, लेकिन इन मंदिरों के चढ़ावे आदि पर राज्य सरकार की निगरानी होती है। दक्षिण भारत के ज्यादातर बड़े मंदिरों के आर्थिक और प्रशासनिक मामलों में राज्य सरकारों का हस्तक्षेप होता है। हालांकि मंदिर की पूजा-पद्धति, अनुष्ठान, स्थानीय त्योहार आदि के आयोजन में राज्य सरकार की कोई दखलंदाजी नहीं होती। इस पर फैसले लेने का अधिकार वहां के पुजारियों को होता है। कुछ इसी तरह का प्रबंधन उत्तर भारत के भी कुछ बड़े मंदिरों का भी होता है। उज्जैन का महाकाल मंदिर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 1982 में पारित श्रीमहाकालेश्वर मंदिर अधिनियम के तहत गठित 'महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति' करती है। उज्जैन के जिलाधिकारी इसके पदेन अध्यक्ष होते हैं। इस समिति में उज्जैन नगर निगम के पार्षद, राज्य सरकार द्वारा नामित संस्कृत के विद्वान और पुजारी सदस्य होते हैं। जिलाधिकारी इसकी दिन-प्रतिदिन की व्यवस्था और प्रबंधन के लिए एक प्रशासक को नियुक्त करते हैं। तिरूपति देवस्थान बोर्ड की ओर से करीब 35 स्कूल, कॉलेज और उच्च शिक्षण संस्थान संचालित किए जा रहे हैं। उत्तर भारत का प्रसिद्ध वैष्णोदेवी मंदिर का भी संचालन कुछ इसी तरह होता है। 1986 में सरकार द्वारा बनाया गया श्री माता वैष्णोदेवी श्राइन बोर्ड मंदिर और उसके चढ़ावे आदि का प्रबंधन करता है। श्री माता वैष्णोदेवी श्राइन बोर्ड जम्मू-कश्मीर के कटरा में श्री माता वैष्णोदेवी विश्वविद्यालय संचालित करता है। बोर्ड कटरा में श्री माता वैष्णोदेवी गुरुकुल का भी संचालन करता है। पटना के महावीर मंदिर का प्रबंधन भी इसी तरह से जनहित के लिए महावीर कैंसर संस्थान, महावीर नेत्रालय, महावीर आरोग्यालय आदि का संचालन करता है। दक्षिण भारत के मंदिरों के प्रबंधन की तरह श्रीरामलला मंदिर के प्रबंधन की मांग का एक वर्ग विरोध भी कर रहा है।

इसके लिए दक्षिण भारत के मंदिरों की व्यवस्था का उत्तर वालों को गहन अध्ययन करना चाहिए और उसी तरह की व्यवस्था को अपनाना चाहिए। चूंकि चढ़ावे की रकम आम लोगों के दान की रकम होती है, लिहाजा इस रकम को लोकहित में स्कूल और अस्पताल चलाने, गरीबों को रोजगार आदि दिलाने का इंतजाम करने के मद में खर्च किया जाना चाहिए।




**दक्षिण भारत के ज्यादातर बड़े मंदिरों के आर्थिक और प्रशासनिक मामलों में राज्य सरकारों का हस्तक्षेप होता है। हालांकि मंदिर की पूजा-पद्धति, अनुष्ठान, स्थानीय त्योहार आदि के आयोजन में राज्य सरकार की कोई दखलंदाजी नहीं होती। इस पर फैसले लेने का अधिकार वहां के पुजारियों को होता है।**

# आपदा प्रबन्धन में माहिर है भाजपा



**दान चोरी प्रकरण**

सुनील अमर

स्वतंत्र पत्रकार

देश का माहौल इन दिनों अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में हुए चढ़ावा चोरी प्रकरण से उद्वेलित है। मामले की जांच भी हो रही है। अपने देश का मिजाज ही कुछ ज्यादा धार्मिक है, इसलिए धर्म-कर्म होते रहते हैं और स्वाभाविक है कि उनमें अव्यवस्थाएं भी होती रहती हैं। अयोध्या का राम मन्दिर कांड कोई पहला नहीं है। देश के कई प्रमुख मन्दिरों में इससे पहले भी ऐसे कांड होते रहे हैं जिनमें तिरुमला वेंकटेश्वर मन्दिर, सबरीमला मन्दिर, जगन्नाथ मन्दिर तथा बीते जून महीने में ही हुए योग नरसिम्हा स्वामी मन्दिर का चढ़ावा चोरी मामले चर्चित हैं। अयोध्या मन्दिर का मामला इसलिए ज्यादा उबाल ले रहा है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी ने अयोध्या आन्दोलन की नाव पर चढ़कर अपना राजनीतिक अभीष्ट प्राप्त किया।

दूसरे, सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद प्रधानमन्त्री कार्यालय ने ही इस ट्रस्ट का गठन किया, इसके सदस्यों का चयन किया और खास बात यह कि इस ट्रस्ट की गतिविधियों को सूचना के अधिकार के बाहर कर दिया। रही बात राम मन्दिर चढ़ावा चोरी कांड से जनता पर असर पड़ने की तो अगर अतीत में हम देखें तो पता चलता है कि इस देश की जनता की राजनीतिक याददाश्त और भावनाएं दोनों बहुत टिकाऊ नहीं हैं। आखिर इसी देश में आपातकाल लगा, तमाम ज्यादतियां हुईं और मौका मिलने पर जनता ने कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंका, लेकिन कुछ ही महीनों के भीतर जनता सारे दुःख भूल गई और दोबारा उसी कांग्रेस की सरकार को सत्ता में स्थापित कर दिया। असल सवाल है जनता को बहलाने-फुसलाने का और भाजपा का प्रचार तंत्र इसमें माहिर है। भाजपा को राजनीतिक और धार्मिक दोनों मोर्चों पर लड़ना आता है। सांगठनिक तौर पर भाजपा आज देश की सबसे ताकतवर पार्टी है। एक समय था कि वामदलों को कॉडर आधारित दल कहा जाता था। कांग्रेस के पास भी सेवादल हुआ करता था। बसपा संस्थापक कांशीराम ने भी पहले बामसेफ ही बनाया था लेकिन आज ये दल अपने इस मूलभूत ढांचों को खो बैठे हैं, जबकि भाजपा के साथ उसका मातृ संगठन आरएसएस अपने समस्त आनुषांगिक संगठनों के साथ आज पूरी क्षमता से कार्यरत है। ऐसे ताकतवर इन्फ्रास्ट्रक्चर से अन्य दल क्या मुकाबला कर पाएंगे।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की बात करें तो भाजपा के पास अभी आपदा प्रबन्धन का थोड़ा समय है और भाजपा इसमें पारंगत है। आखिर बीते लोकसभा चुनाव में फैजाबाद संसदीय सीट, जिसके अन्तर्गत ही अयोध्या भी आती है, सपा के हाथों हार जाने के बाद भाजपा ने इसकी एक विधानसभा सीट मिल्कीपुर को उपचुनाव में येन-केन-प्रकारेण जीत ही लिया था और प्रचारित किया था कि अयोध्या की जनता भाजपा से नाराज नहीं है। दूसरे, चुनावी प्रक्रिया इधर के वर्षों में बहुत हाईटेक और बहुत ज्यादा खर्चीली हो गई है। इस लिहाज से देखें तो भाजपा के मुकाबले कोई भी राजनीतिक दल टिकता ही नहीं है। लेकिन ये राजनीतिक और पेचीदगी की बातें अपनी जगह। हिन्दू धर्म में दान की परम्परा बहुत उदारमना है। यहां तो 'त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये' कहकर भगवान को चढ़ावा अर्पित किया जाता है। एक आस्थावान हिन्दू दान करने के बाद उसे भूल जाता है और फिर आगे उसका हिसाब नहीं रखता। जैसे भिखारी को भिक्षा देकर उस पर यह शर्त नहीं थोपी जाती कि वह इसे कैसे खर्च करेगा। यही वजह है कि देश के अन्य हिस्सों की बात छोड़ दें तो इस मुद्दे पर अयोध्या में स्थानीय स्तर पर जनता का कोई भी मुखर विरोध नहीं है। जो विरोध है वह संस्थागत स्तर पर ही है और भाजपा जनता की इस अमुखरता को भुनाएगी ही।

राम मन्दिर चन्दा मामले की जांच राज्य सरकार द्वारा करवाई जा रही है। आने वाले समय में भाजपा पर इसका क्या राजनीतिक असर दिखेगा, यह कहना अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन यह महत्वपूर्ण होगा कि जांच का नतीजा क्या निकला। जिम्मेदार किसे ठहराया गया, सजा किसे हुई तथा व्यवस्था में परिवर्तन क्या किया गया और इन सबका जनता पर असर कैसा हुआ। भाजपा किसी लकीर को छोटा साबित करने के लिए बड़ी लकीर खींचने में माहिर है। चुनाव में अभी समय है और संभावना है कि तब तक भाजपा कोई ऐसा राजनीतिक/सामाजिक तूफान खड़ा कर सकती है, जिसमें यह मन्दिर चढ़ावा चोरी ओझल ही हो जाए।



**हिन्दू धर्म में दान की परम्परा बहुत उदारमना है। यहां तो 'त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये' कहकर भगवान को चढ़ावा अर्पित किया जाता है। तात्पर्य यह है कि एक आस्थावान हिन्दू दान करने के बाद उसे भूल जाता है और फिर आगे उसका हिसाब नहीं रखता।**

# केप वर्दे ने छुड़ाए अर्जेंटीना के पसीने, मेस्सी सेना ने एक्स्ट्रा टाइम में जीता कड़ा मुकाबला





एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

इस विश्व कप में साहस और कौशल की नई परिभाषा लिखने वाले छोटे से देश केप वर्दे ने खिताब की प्रबल दावेदार मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना को नाकों चने चबवा दिए और अतिरिक्त समय तक चले इस मुकाबले को जीतने के बाद लियोनेल मेस्सी और उनकी टीम ने मस्तक पर छलके पसीने को पोछकर मानों राहत की सांस ली। इसके साथ ही विश्व कप में 'छिपे रुस्तम' केप वर्दे का शानदार अभियान यही खत्म हो गया और जीत के साथ अर्जेंटीना अंतिम 16 में पहुंच गया। आसानी से हार नहीं मानने वाले केप वर्दे ने नियमित समय में और फिर अतिरिक्त समय में बराबरी के गोल दागे। अर्जेंटीना के तीसरे गोल का वह जवाब नहीं दे सके और मेस्सी की टीम ने 3-2 से मुकाबला जीता।

## शर्मनाक रिकार्ड

### एक विश्व कप में दो आत्मघाती गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बने हानी

*अर्लिंगटन। मिस्र के डिफेंडर मोहम्मद हानी एक ही टूर्नामेंट में दो आत्मघाती गोल करने वाले विश्व कप के इतिहास के पहले खिलाड़ी बन गए। आस्ट्रेलिया के मिडफील्डर एडेन ओ नील की 55वें मिनट में लगाई गई फ्रीकिक पर गेंद हानी के सिर से टकराकर मिस्त्र के गोल के भीतर ही चली गई। इससे पहले आस्ट्रेलियाई मिडफील्डर कोनोर मेटकाफे से टकराने के कारण हानी को चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी थी। बेल्जियम के खिलाफ ग्रुप चरण में 1-1 से ड्रॉ रहे मैच में भी उन्होंने आत्मघाती गोल किया था।*

## पहली बार नॉकआउट मुकाबला जीता मिस्र, ऑस्ट्रेलिया बाहर

**अर्लिंगटन।** होसाम अब्दुलमागुद ने शूटआउट में निर्णायक गोल किया, जिसके दम पर पहली बार विश्व कप नॉकआउट मुकाबला खेलते हुए मिस्र ने आस्ट्रेलिया के पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हरा दिया जबकि निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर था। मिस्र ने चौथी बार विश्व कप खेलते हुए यह जीत दर्ज की है। वहीं आस्ट्रेलिया नॉकआउट में तीन में से एक भी बार जीत नहीं सका है। अब मिस्र का सामना मंगलवार को गत चैम्पियन अर्जेंटीना से होगा, जिसने केप वर्दे को अतिरिक्त समय में 3-2 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई है। शूटआउट में आस्ट्रेलिया के हैरी साउटार का निशाना चूका और 18 वर्ष के लुकास हेरिंगटन का शॉट क्रॉसबार से टकरा गया। मिस्र के लिए होसाम के अलावा महमूद साबिर, रामी राबिया और लिवरपूल के पूर्व स्टार मोहम्मद सालाह ने गोल दागे। मांसपेशी की चोट के बावजूद सालाह ने यह मैच खेला। आस्ट्रेलिया के लिए ये शूटआउट में जैकसन इरविन और अवेर माबिल ने गोल किए। इमाम अशूर ने 13वें मिनट में हेडर पर गोल करके मिस्र को बढत दिला दी थी। आस्ट्रेलिया ने 55वें मिनट में बराबरी की जब मिस्र के डिफेंडर मोहम्मद हानी एक ही विश्व कप में दो आत्मघाती गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।




## अज्जेदीन औनाही का डबल धमाका




# मोरक्को क्वार्टर फाइनल में, कनाडा को 3-0 से रौंदा

**रोहतक (सेंट्रल डेस्क)।** अज्जेदीन औनाही के दो गोल (50वें और 82वें मिनट) और अतिरिक्त समय में सौफियान रहीमी के गोल की बदौलत मोरक्को ने कनाडा को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ-16 मुकाबले में कनाडा और मोरक्को के बीच पहले हाफ में कड़ी टक्कर देखने को मिली। दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया और कई मौके बनाए, लेकिन मजबूत डिफेंस और गोलकीपरों के शानदार प्रदर्शन के कारण कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। पहले 45 मिनट के बाद स्कोर 0-0 से बराबरी पर था। उसके बाद मोरक्को ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गोल करके मुकाबले को जीत लिया।

### ब्रेक के बाद औनाही ने दिलाई बढ़त

*दूसरे हाफ की शुरुआत के साथ ही मोरक्को ने अपने इरादे साफ कर दिए। 50वें मिनट में स्टार मिडफील्डर अज्जेदीन औनाही ने बेहतरीन फिनिश के साथ गेंद को जाल में पहुंचाया और मोरक्को को 1-0 की बढ़त दिला दी। 82वें मिनट में औनाही ने एक बार फिर कमाल दिखाते हुए अपना दूसरा गोल दाग दिया। अतिरिक्त समय के 98वें मिनट में स्ट्राइकर सौफियान रहीमी ने शानदार गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया।*

## घाना को हराकर कोलंबिया अंतिम 16 में



कंसास सिटी। जोन एरियास ने शुरुआती मिनटों में लुई सुआरेस के क्रॉस पर गोल किया और इसी एक गोल के दम पर कोलंबिया ने भीषण गर्मी के बीच घाना को हराकर विश्व कप के अंतिम 16 में जगह बना ली। कोलंबिया का सामना अब मंगलवार को वैंकूवर में स्विटजरलैंड से होगा। मैच शुरू होने के कुछ मिनट के भीतर ही कोलंबिया के फॉरवर्ड जोन कोरडोबा को जांघ के पीछे की मांसपेशी में चोट लग गई, जिसके बाद कोच नेस्टर लोरेंजो को सुआरेज को बुलाना पड़ा। यह इंटर मियामी के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी सुआरेज नहीं बल्कि स्पोर्टिंग सीपी के लिए खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। उन्होंने आते ही अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी और 14वें मिनट में डेनियल मुनोज से गेंद लेकर एरियास को जबर्दस्त क्रॉस दिया, जिन्होंने घाना के गोलकीपर लारेंस एटि जिगि को छकाकर गोल कर दिया।

## खबर संक्षेप



### हुलेनकोर्ट महिला ओपन खिताब की दौड़ में दीक्षा

**हुलेनकोर्ट।** दीक्षा डागर खिताब की दौड़ में बनी हुई है और भारत की चारों गोल्फर ने हुलेनकोर्ट महिला ओपन के कट में प्रवेश कर लिया। दीक्षा बढ़त पर थी लेकिन इवन पार 72 का स्कोर करके संयुक्त तीसरे स्थान पर खिसक गई। उन्होंने तीन बर्डी लगाए लेकिन तीन बोगी भी किए। भारत की अदिति अशोक ने भी लेडीज यूरोपीय टूर पर प्रभावी वापसी करके संयुक्त आठवां स्थान हासिल कर लिया। अवनि प्रशांत संयुक्त 18वें स्थान पर है जबकि प्रणवी उर्स संयुक्त 56वें स्थान पर है। स्पेन की कैरोलिना चाकारा ने सात अंडर 65 और कुल नौ अंडर स्कोर करके बढत बना ली है।

### 20 को ग्लास्गो रवाना होगी जिम्नास्टिक्स टीम



**नई दिल्ली।** भारत की कलात्मक जिम्नास्टिक्स टीम आगामी राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों के तहत लंदन में तीन सप्ताह का प्रशिक्षण शिविर पूरा करने के बाद 20 जुलाई को ग्लास्गो के लिए रवाना होगी। यह प्रशिक्षण शिविर 29 जून से शुरू हुआ, जिसके लिए कोष भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने 'टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप' और 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' के तहत दिया था। राष्ट्रमंडल खेलों के लिए महिला टीम में ओलंपियन प्रणति नायक, निश्का अग्रवाल, ईशिता रेवाले और प्रतिष्ठा सामंता शामिल हैं। पुरुष टीम में तपन मोहंती, तपेश्वरनाथ दास, स्वातिश केपी और योगेश्वर सिंह को जगह मिली है। राकेश पात्रा पुरुष टीम के कोच हैं जबकि पायल भट्टाचार्जी और अशोक कुमार मिश्रा महिला टीम के कोच के रूप में जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

## बेथल का शानदार अर्धशतक



# लगातार तीसरा टी-20 हारा भारत अब इंग्लैंड से 4 विकेट से गंवाया मैच

### ▶▶| सूर्यवंशी का पदार्पण रहा फीका, 14 रन बनाए

### ▶▶| बिश्नोई के ओवर में 29 रन बने, यही हार का कारण

भाषा ▶▶| मैनचेस्टर

रवि बिश्नोई का एक महंगा ओवर 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी के बहुप्रतीक्षित अंतरराष्ट्रीय पदार्पण पर भारी पड़ा जहां इंग्लैंड ने शनिवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत को चार विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। इंग्लैंड ने 191 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक ओवर शेष रहते छह विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले आयरलैंड ने भारत को 2 मैचों की श्रृंखला में 2-0 से हराया था। मैच का निर्णायक मोड़ 17वां ओवर साबित हुआ, जिसमें रवि बिश्नोई ने 29 रन लुटा दिए। ओवर की शुरुआत उन्होंने लगातार दो नो-बॉल से की और इसके बाद जैकब बेथल ने तीन शानदार छक्के जड़कर मैच पूरी तरह इंग्लैंड की झोली में डाल दिया। बेथल ने 46 गेंदों पर नाबाद 76 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। दिन की शुरुआत 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी के पदार्पण को लेकर उत्साह के साथ हुई थी, लेकिन अंत 22 वर्षीय जैकब बेथल की विस्फोटक बल्लेबाजी के नाम रहा। इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। अर्शदीप सिंह (40 रन पर तीन विकेट) ने फिल सॉल्ट और जोस बटलर को खाता खोले बिना आउट कर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। कप्तान हैरी ब्रूक ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 15 गेंदों में 39 रन बनाए। उन्होंने अर्शदीप के एक ओवर में तीन छक्कों और दो चौकों की मदद से 27 रन बटोरे और दबाव को काफी हद तक कम कर दिया। अक्षर पटेल (20 रन पर एक विकेट) ने हैरी ब्रूक को विकेटकीपर इशान किशन के हाथों कैच कराकर भारत को राहत दिलाई, लेकिन तब तक इंग्लैंड मजबूत स्थिति में पहुंच चुका था। इसके बाद बेथल और टॉम बैंटन ने चौथे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी कर भारतीय स्पिन आक्रमण को प्रभावी नहीं होने दिया। बैंटन ने 32 गेंदों में 39 रन बनाए। भारतीय स्पिनरों में केवल अक्षर ही प्रभाव छोड़ सके।

# विंबलडन में हार पर बोले भांबरी, हमने बहुत नर्वस मैच खेला

एजेंसी ▶▶| लंदन



भारत के डबल्स खिलाड़ी युकी भांबरी ने कहा है कि विंबलडन के पहले राउंड में मिली हार की वजह उनका और साथी खिलाड़ी माइकल वीनस का टूर्नामेंट का दबाव नहीं झेल पाना है। भांबरी और न्यूजीलैंड के वीनस को पहले राउंड में डच-अमेरिकन जोड़ी जीन-जूलियन रोजर और थियोडोर वाइनगर ने 3-6, 4-6 से हराया, जिसमें इंडो-कीवी जोड़ी को सर्व पर खुद को हावी करने में मुश्किल हुई, और वे किसी भी ब्रेक-पॉइंट के मौके को भुनाने में नाकाम रहे। भांबरी ने कहा, हमारे खेल के सबसे बड़े टूर्नामेंट में से एक में खेलते हुए, मुझे लगता है कि यह मौका मुझे और मेरे साथी खिलाड़ी माइकल वीनस को मिल गया। हम दबाव नहीं झेल पाए।

हमने बहुत नर्वस मैच खेला, और इसकी कीमत हमें चुकानी पड़ी। हमारा मूवमेंट तेज नहीं था, हमारा रिटर्न खराब था। हम सर्व पर रिदम नहीं बना पाए। पहले राउंड से बाहर होने के बावजूद 33 साल के भांबरी भविष्य को लेकर सकारात्मक हैं। उन्होंने कहा, मैं और माइकल साथ में अच्छा कर रहे हैं। इससे पहले हमारे कुछ अच्छे नतीजे रहे हैं। उम्मीद है कि हम कुछ और विंबलडन में वापस आकर इसे ठीक करेंगे। हम इस अनुभव से सीखेंगे और अगली बार बेहतर प्रदर्शन करेंगे। भांबरी ने अपना फोकस भारत के दक्षिण कोरिया के खिलाफ आने वाले डेविस कप क्वालीफायर मुकाबले पर किया, और इसे देश के लिए एक बड़ा मौका बताया।

## अनुष का शानदार प्रदर्शन जीता रजत पदक

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार घुड़सवार खिलाड़ी अनुष अग्रवाला ने जर्मनी के हेगन में आयोजित कैवालिएरो ड्रेसेज डेज प्रतियोगिता के सीडीआई1 प्री सेंट जॉर्ज वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। 'स्ट्रेट हॉर्स फ्लोरियाना' पर सवार अनुष ने 70.147 प्रतिशत अंक हासिल किए और 22 प्रतिभागियों के बीच दूसरे स्थान पर रहे। अनुष और फ्लोरियाना के बीच बेहतरीन तालमेल तथा सटीक प्रदर्शन की बदौलत उन्होंने प्रतिष्ठित 70 प्रतिशत का आंकड़ा पार किया, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी निरंतरता को दर्शाता है। इस स्पर्धा में जर्मनी की चार्लोट-मारिया शूर्मन 72.304 प्रतिशत अंक के साथ पहले स्थान पर रहीं। यह उपलब्धि ऐसे समय में आई है, जब 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय ड्रेसेज टीम के चयन को लेकर अनुष विवाद के केंद्र में हैं। उन्हें चार सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया बल्कि रिजर्व खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है।

# अंडर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप 2026 : भारत की झोली में आए चार पदक, सुमित ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

थाईलैंड के पटाया आयोजित अंडर-20 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप 2026 में भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवानों ने पहले ही दिन धमाकेदार आगाज़ किया है। प्रतियोगिता के पहले दिन भारतीय दल ने मैट पर अपना जबरदस्त दबदबा दिखाते हुए एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल चार पदक अपने नाम किए। भारतीय खेमे के लिए सबसे बड़ी सफलता 70 किलोग्राम भारवर्ग में आई, जहाँ युवा और प्रतिभाशाली पहलवान सुमित कुमार लक्ष्मण भास्कर ने स्वर्ण पदक जीतकर तिरंगा लहराया। सुमित ने मुकाबले की शुरुआत से ही अपने आक्रामक खेल और बेहतरीन दांव-पेच के दम पर विरोधी पहलवानों को टिकने का कोई मौका नहीं दिया और एकतरफा जीत दर्ज करते हुए सोने का तमगा अपने नाम किया। वहीं, 79 किलोग्राम भारवर्ग में भारत के सौरभ यादव ने भी शानदार तकनीक का प्रदर्शन किया. सौरभ ने फाइनल तक का सफर बेहद दमदार तरीके से तय किया, लेकिन खिताबी मुकाबले में कड़े संघर्ष के बाद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इसके अलावा, कांस्य पदक के मुकाबलों (रिपेचेज राउंड) में भी भारतीय पहलवानों की बादशाहत देखने को मिली। 57 किलोग्राम भारवर्ग में रोहित ने और 97 किलोग्राम हेवीवेट भारवर्ग में लकी ने अपने-अपने मुक़ाबलों में विरोधी पहलवानों को चारों खाने चित करते हुए देश के लिए कांस्य पदक जीते। फ्रीस्टाइल इवेंट के पहले ही दिन चार पदक आने पर भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह और हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर ने सभी विजेता पहलवानों और उनके कोचों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पहले दिन के इस शानदार प्रदर्शन से बाकी बचे भारवर्गों के भारतीय खिलाड़ियों का मनोबल काफी बढ़ेगा और आने वाले दिनों में भारत की झोली में कई और बड़े पदक आ सकते हैं।

## ग्रैंड शतरंज टूर : गुकेश और केमेर ने हासिल किए दस अंक

# प्रज्ञानानंदा ने जीते तीनों मुकाबले, रैपिड वर्ग में 12 अंक

एजेंसी ▶▶| जगरेब

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने आखिरी दिन तीनों मुकाबले जीतकर ग्रैंड शतरंज टूर के क्रोएशिया चरण में रैपिड श्रेणी में 12 अंक लेकर फ्रांस के फिरोजा अलीरजा के साथ संयुक्त शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। दूसरे दिन पिछड़ रहे प्रज्ञानानंदा ने आखिरी दिन क्रोएशिया के इवान सारिच, रोमानिया के डीक बोगडेन डेनियल और नीदरलैंड के अनीश गिरि को हराया। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव 11 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। विश्व चैंपियन डी. गुकेश और जर्मनी के विंसेंट केमेर ने दस अंक हासिल किए। अब ब्लिट्ज वर्ग के 18 दौर खेले जाने हैं। गिरि के आठ अंक हैं जबकि डीक और नीदरलैंड के जोर्डन वान फोरीस्ट उनसे एक अंक पीछे हैं।



## पूर्व विश्व चैंपियन क्रामनिक निलंबित

बिलिंग्स। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने पूर्व विश्व चैंपियन ब्लादीमिर क्रामनिक को कम से कम एक साल के लिए निलंबित कर दिया है, जिन्होंने डेनियल नारोदित्स्की समेत साथी खिलाड़ियों पर धोखेबाजी के आरोप लगाए थे, जो साबित नहीं हुए। नारोदित्स्की का पिछले साल 29 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। क्रामनिक ने उन पर धोखेबाजी का आरोप लगाते हुए इसे सोशल मीडिया पर भी साझा किया था। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर नारोदित्सकी ने शिक्षाप्रद यूट्यूब वीडियो और लाइवस्ट्रीम के जरिए खेल के आनलाइन दौर को लाने में मदद की थी। उन्होंने इन आरोपों को खारिज किया था। क्रामनिक ने एपी को भेजे ईमेल में कहा कि वह इस निलंबन को चुनौती देंगे। शतरंज महासंघ ने कहा कि क्रामनिक ने बिना पर्याप्त सबूतों के सार्वजनिक रूप से धोखाधड़ी का आरोप लगाया जो 'साइबर बुलिंग' के खिलाफ उनके नियमों का उल्लंघन है। महासंघ ने कहा कि धोखाधड़ी से निपटना उनकी प्राथमिकताओं में से एक है लेकिन आरोपों पर उनकी प्रक्रियाओं के जरिए ही कार्रवाई की जानी चाहिए और उन्हें उचित सबूतों का समर्थन मिलना चाहिए। नारोदित्स्की ने कहा था कि क्रामनिक के आरोपों का उन पर काफी असर पड़ा है।




# खामेनेई की अंतिम विदाईः काले कपड़े पहने लाखों लोग जुटे, बदला-बदला के नारे लगाए



- 3 जुलाई से खामेनेई के अंतिम संस्कार से जुड़ी रस्में शुरू हुई, कार्यक्रम में 100 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई को आखिरी विदाई देने के लिए शनिवार को लाखों लोग तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला में जुटे हैं। शिया परंपरा के मुताबिक काले कपड़े पहने लोग छाती पीटकर मातम मनाते दिखे। इस दौरान लोगों ने 'खून बहेगा', 'अमेरिका मुर्दाबाद' और 'बदला, बदला' जैसे नारे भी लगाए। तेहरान में 3 जुलाई से खामेनेई के अंतिम संस्कार से जुड़ी रस्में शुरू हो गई हैं जो 9 जुलाई तक चलेगी। शुक्रवार को कार्यक्रम में 100 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। हालांकि रूस, चीन, भारत और तुर्किये जैसे देशों के टॉप लीडर्स ने इससे दूरी बरती। ईरान की तरफ से न्योता भेजे जाने के बावजूद इन्होंने अपने निचले स्तर के प्रतिनिधियों को भेजा।

### अंतिम यात्रा 5 शहरों से गुजरेगी

अली खामेनेई की अंतिम यात्रा पहले ईरान के तेहरान, कोम से इराक के कर्बला, नजफ से होकर गुजरेगी। आखिर में 9 जुलाई को मशहद में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। अंतिम संस्कार के बाद अमेरिका-ईरान वार्ता फिर शुरू होगीः कतर ने बताया कि खामेनेई के अंतिम संस्कार के बाद अमेरिका-ईरान वार्ता का अगला दौर फिर शुरू होगा।

### आम लोगों के लिए खास इंतजाम

खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल आम लोगों के लिए तेहरान में मेट्रो और सरकारी बसें मुफ्त रहीं। साथ ही होटल किराए में 50% की छूट और स्कूलों-मस्जिदों में ठहरने की व्यवस्था की गई। दूसरे शहरों से लोगों को लाने के लिए स्पेशल ट्रेनें भी चलाई गईं।



### पोती, बेटी, पत्नी व दामाद को दी श्रद्धांजलि

ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर खामेनेई का ताबूत तेहरान के इमाम खुमैनी ग्रैंड मुसल्ला पहुंचाया गया। यहां उनके अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में कई देशों के प्रतिनिधिमंडल शामिल हुए। अली खामेनेई के साथ उनकी 14 महीने की पोती, बेटी, पत्नी और दामाद को भी अंतिम श्रद्धांजलि दी गई।

### 3 से 9 जुलाई तक चलने वाला अंतिम संस्कार या फिर शक्ति प्रदर्शन

3 से 9 जुलाई तक चलने वाला अंतिम संस्कार सिर्फ एक शोक सभा नहीं, बल्कि ईरान का एक शक्ति प्रदर्शन भी है। इसमें करीब 2 करोड़ लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। इसमें 100 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि पहुंचे हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि सड़कों पर 'लाखों-करोड़ों' लोगों की भीड़ जुटाकर ईरान दुनिया को संदेश दे रहा है कि उसकी शासन व्यवस्था और 'इस्लामिक क्रांति' आज भी पूरी तरह मजबूत है।

## खबर संक्षेप

### रूसी तेल टर्मिनल पर यूक्रेन का फिर से हमला



**मॉस्को।** यूक्रेन ने फिर रूस के ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया है। शनिवार को यूक्रेनी ड्रोन हमले में रूस के दूसरे सबसे बड़े शहर सेंट पीटर्सबर्ग के एक तेल टर्मिनल पर हमला हुआ। रूसी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह हमला शहर के कीरोव्स्की जिले में हुआ।

### खालिद और इमाम को नहीं मिली जमानत

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों की बड़ी साजिश से जुड़े मामले में आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम को अदालत से बड़ा झटका लगा है। दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने दोनों की जमानत याचिकाएं खारिज करते हुए उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया।

### स्पेन में पकड़ा गया गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों



**नई दिल्ली।** पंजाब एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स के इनपुट पर गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों स्पेन के मेड्रिड शहर में पकड़ा गया। स्पेन की सुरक्षा एजेंसियों ने गोल्डी ढिल्लों को हिरासत में लिया। गोल्डी एनआईए का वांटेड आरोपी भी है और उसके ऊपर 10 लाख का इनाम है। 5 लाख का इनाम पंजाब पुलिस ने भी उसके ऊपर घोषित किया हुआ है। कनाडा में हुई फायरिंग की कई घटनाओं में गोल्डी ढिल्लों का हाथ था।

### टॉय बिज इंटरनेशनल बी2बी एक्सपो 2026 के मौके पर पीयूष गोयल बोले

# एफटीए पर कनाडा के साथ वार्ता अच्छी प्रगति पर, पेरू से कई मुद्दों पर मतभेद

पीएम मोदी ने उद्योग को गुणवत्ता के लिए प्रेरित किया

*केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद संग संवाद भारत द्वारा अंतिम रूप दिए गए मुक्त व्यापार समझौते का पूरक बनेगा। इसका उद्देश्य समझौते के क्रियान्वयन में आने वाली कठिनाइयों को दूर करना है। यह एफटीए को लागू करना आसान बनाएगा और उसके लाभों को हासिल करने में मदद करेगा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत के विभिन्न देशों के साथ व्यापार समझौतों की स्थिति पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने साफ किया कि भारत और पेरू के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) निकट भविष्य में संपन्न होने की संभावना नहीं है। इसका मुख्य कारण कुछ उत्पादों के लिए बाजार पहुंच से जुड़ी गंभीर चिंताएं हैं।

गोयल ने यह भी बताया कि कनाडा के साथ एफटीए वार्ता अच्छी प्रगति पर है। गोयल ने टॉय बिज इंटरनेशनल बी2बी एक्सपो 2026 के मौके पर बातें कही। पीयूष गोयल ने वैश्विक आर्थिक मंदी की चिंताओं पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि भारत मंडपम में 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विजिटर्स की मेजबानी हुई है। यह भारत की आर्थिक सफलता की कहानी का साफ संकेत है। यह देश को 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भारतीय उद्योग को लगातार गुणवत्ता, स्केल और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया है। गोयल ने विश्वास जताया कि खिलौना उद्योग का भविष्य बहुत उज्ज्वल है और यह उल्लेखनीय प्रगति के लिए पूरी तरह तैयार है।

### देश के खिलौना उद्योग का भविष्य बहुत उज्ज्वल

भारत अपने घरेलू उद्योगों के हित की रक्षा कर रहा



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल फाइल फोटो

### पेरू से एफटीए होने में काफी समय लगेगा

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पेरू के साथ मुक्त व्यापार समझौते में देरी का मुख्य कारण बताया। उन्होंने कहा कि भारत के कुछ उत्पादों के लिए बाजार पहुंच को लेकर गंभीर चिंताएं हैं। भारत कई ऐसे उत्पादों के लिए पेरू को बाजार में पहुंच की पेशकश नहीं कर सकता है। दोनों देशों के बीच इन मुद्दों पर अभी भी मतभेद बने हुए हैं। गोयल ने साफ किया कि उन्हें नहीं लगता कि पेरू के साथ एफटीए बहुत जल्द संभव हो पाएगा। यह मुद्दा दोनों पक्षों के लिए एक बड़ी बाधा है। भारत अपने घरेलू उद्योगों के हितों की रक्षा करना चाहता है।

### कनाडा संग वार्ता का दूसरा दौर सोमवार से

पीयूष गोयल ने बताया कि कनाडा के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता अच्छी प्रगति कर रही है। वार्ता का अगला महत्वपूर्ण दौर सोमवार को शुरू होने वाला है। भारत सरकार अगले छह महीनों में इस समझौते को संपन्न करने का प्रयास कर रही है। यह दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को नई गति देगा।

### इजराइल से भी चर्चा जारी

*इजराइल के साथ प्रस्तावित एफटीए पर भी बातचीत और चर्चाएं जारी हैं। हालांकि, पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के कारण इसकी गति थोड़ी धीमी हो गई है। गोयल ने उम्मीद जताई कि शांति प्रक्रिया समाप्त होने के बाद वार्ता को तेज किया जा सकेगा। भारत दोनों देशों के साथ व्यापार संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।*

### जल्द जाएंगे ब्रुसेल्स

*मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि वह विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ ब्रुसेल्स जाएंगे। वे यूरोपीय आयोग के साथ भारत-यूरोपीय संघ व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) संवाद में भाग लेंगे। गोयल ने कहा कि यह संवाद भारत द्वारा अंतिम रूप दिए गए मुक्त व्यापार समझौते का पूरक बनेगा। इसका उद्देश्य समझौते के क्रियान्वयन में आने वाली कठिनाइयों को दूर करना है। यह एफटीए को लागू करना आसान बनाएगा और उसके लाभों को हासिल करने में मदद करेगा। यह बैठक भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार और तकनीकी सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भविष्य के व्यापारिक संबंधों की नींव रखेगा।*

### भारत-इजराइल द्विपक्षीय निवेश समझौता लागू

*भारत गणराज्य की सरकार और इजराइल की सरकार के बीच 8 सितंबर 2025 को नई दिल्ली में हस्ताक्षरित द्विपक्षीय निवेश समझौता (बीआईए) शनिवार से प्रभावी हो गया। इस समझौते को दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और सुरक्षित तथा पूर्वानुमानित निवेश माहौल सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। द्विपक्षीय निवेश समझौता निवेशकों और उनके निवेशों को मजबूत सुरक्षा प्रदान करता है। साथ ही, यह दोनों देशों को अपने वैध सार्वजनिक नीति उद्देश्यों के अनुरूप संप्रभु नीतिगत अधिकार बनाए रखने का पर्याप्त लचीलापन भी देता है। यह समझौता अंतरराष्ट्रीय निवेश कानून के आधुनिक सिद्धांतों और विकसित होते न्यायशास्त्र के अनुरूप तैयार किया गया है। सरकार के अनुसार, इस समझौते से भारत और इजराइल के बीच सीमा पार निवेश में वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग और द्विपक्षीय साझेदारी को भी नई मजबूती मिलेगी।*

### फ्यूल टैंक में पानी के रिसाव की आशंका

# भूटान ने ठुकराया भारत का ई20 ऑफर सामान्य पेट्रोल जारी रखने की मांग की

पुराना और कमजोर फ्यूल स्टोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर बना मुसीबत, फ्यूल टैंक जमीन के नीचे




पीएम त्शेरिंग तोबगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भूटान ने भारत की ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है, जिसमें उसे ई20 ईंधन सप्लाई करने की पेशकश की गई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भूटान ने भारत से कहा है कि जब तक भारतीय बाजार में सामान्य पेट्रोल उपलब्ध है, तब तक वही सप्लाई जारी रखी जाए।

दरअसल, इसकी सबसे बड़ी वजह भूटान का पुराना और कमजोर फ्यूल स्टोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर है। देश के अधिकांश फ्यूल टैंक जमीन के नीचे बने हुए हैं और उनमें पानी के रिसाव की आशंका बनी रहती है। ऐसे में ई20 पेट्रोल के खराब होने और वाहनों को नुकसान पहुंचने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा, भूटान का पहाड़ी और दुर्गम भूभाग भी एक बड़ी चुनौती है, जहां वाहनों को लगातार अधिक पावर और भरोसेमंद प्रदर्शन की जरूरत होती है। अधिकारियों को आशंका है कि ई20 पेट्रोल इन परिस्थितियों में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं दे पाएगा।

### वाहनों के इंजन पर असर

*भूटान फिलहाल भारत से उच्च गुणवत्ता वाला एक्सपोर्ट ग्रेड पेट्रोल और डीजल खरीदता है, जिसकी कीमत भारतीय पेट्रोल पंपों पर बिकने वाले ईंधन से अधिक होती है। लेकिन अब भूटान के ट्रेड डिपार्टमेंट ने ई20 सप्लाई की पेशकश को ठुकरा दिया है। भूटानी अधिकारियों के मुताबिक, पुरानी अंडरग्राउंड टंकियों में पानी का रिसाव आम बात है। अगर ई20 पेट्रोल में पानी घुल जाए तो उसे आसानी से अलग नहीं किया जा सकता। इससे ईंधन की गुणवत्ता खराब होती है और स्टील टैंक व पाइपलाइन में जंग लगने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। लंबे समय में इसका असर वाहनों के इंजन और उनकी परफॉर्मेंस पर पड़ सकता है। भूटान सरकार ने कहा कि देश के कई भूमिगत स्टोरेज टैंकों की मौजूदा स्थिति को देखते हुए एथेनॉल-ब्लेंडेड फ्यूल का इम्पोर्ट और स्टोरेज क्वालिटी बनाए रखने के लिहाज से चुनौतीपूर्ण हो सकता है।*

### जम्मू-कश्मीर में लश्कर के दो आतंकी ढेर

**शोपियां।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर हो गए। यह एनकाउंटर शाम करीब 7:45 बजे शोपियां जिले के चनपोरा गांव, सैदपोरा पीन इलाके में शुरू हुआ। सुरक्षाबलों ने देर रात तक इसकी पुष्टि नहीं की थी। दोनों आतंकियों की पहचान लश्कर-ए-तैयबा के टॉप ऑपरेटिव जाकिर अहमद गनी और उसके साथी लतीफ भट के रूप में हुई है। सुरक्षाबलों को खुफिया सूत्रों से दक्षिण कश्मीर के शोपियां में सैदपोरा पायीन के पास छानपोरा इलाके में दोनों आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी। घेराबंदी के दौरान जब सुरक्षाबल आतंकियों के ठिकाने के करीब पहुंचे तो दोनों ने भारी गोलीबारी कर दी। अंधेरे के कारण एनकाउंटर और सर्च ऑपरेशन रोक दिया गया है।

### पीएम नरेंद्र मोदी 8 से 10 जुलाई तक ऑस्ट्रेलिया दौरे पर

# लीडर्स समिट में भाग लेंगे, द्विपक्षीय संबंधों पर होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

पीएम नरेंद्र मोदी के 8 से 10 जुलाई के ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले वहां के पीएम एंथनी अल्बनीज ने कहा है कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया-भारत वार्षिक लीडर्स समिट के लिए पीएम मोदी का स्वागत करने पर गर्व होगा।

ऑस्ट्रेलियाई पीएम कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, पीएम एंथनी अल्बनीज मेलबर्न में पीएम नरेंद्र मोदी की मेजबानी करेंगे। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने तथा कई अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होगी।

ऑस्ट्रेलिया के पीएम बोले- पीएम मोदी का स्वागत करना गर्व की बात



पीएम एंथनी अल्बनीज और पीएम नरेंद्र मोदी फाइल फोटो

### अल्बनीज ने जताया उत्साह

पीएम अल्बनीज ने कहा कि मुझे अपने मित्र पीएम मोदी का ऑस्ट्रेलिया में वार्षिक लीडर्स समिट के लिए स्वागत करते हुए गर्व महसूस हो रहा है। ऑस्ट्रेलिया और भारत की साझेदारी पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है और यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देती है। उन्होंने दोनों देशों की साझेदारी को और मजबूत करने की इच्छा भी जताई।

### भारत महत्वपूर्ण आर्थिक साझेदार

*पीएम अल्बनीज ने कहा कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है तथा ऑस्ट्रेलिया के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक साझेदार है। दोनों देशों के संबंध व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर आधारित हैं, जिन्हें मजबूत आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों का समर्थन प्राप्त है। व्यापार, रक्षा, सुरक्षा और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग लगातार बढ़ रहा है, जिससे दोनों देशों को लाभ मिल रहा है।*

### ऑकलैंड में होंगे कई अहम कार्यक्रम

*पीएम मोदी ऑकलैंड में पीएम क्रिस्टोफर लक्सन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरान व्यापार, वाणिज्य, रक्षा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की जाएगी। पीएम बिजनेस और खेल जगत की प्रमुख हस्तियों से भी मुलाकात करेंगे तथा भारतीय समुदाय के एक बड़े कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।*

### इंडोनेशिया और न्यूजीलैंड का भी करेंगे राजकीय दौरा

*ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के निमंत्रण पर पीएम नरेंद्र मोदी 6 से 8 जुलाई तक इंडोनेशिया की यात्रा करेंगे। यह उनकी इंडोनेशिया की चौथी यात्रा होगी। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद पीएम मोदी 10 से 11 जुलाई तक पीएम क्रिस्टोफर लक्सन के निमंत्रण पर न्यूजीलैंड के राजकीय दौरे पर जाएंगे। करीब चार दशक बाद किसी भारतीय पीएम का यह पहला राजकीय न्यूजीलैंड दौरा होगा।*







हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28